दैनिक
# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

सिर्फ सच...








● नई दिल्ली | बुधवार 23 अक्टूबर-2024 ● वर्ष : 9 अंक : 301 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3


भारत-सिंगापुर रक्षा मंत्रियों की छठी बैठक

## दिनोदिन बढ़ रहा रक्षा सहयोग : राजनाथ सिंह

**नई दिल्ली।** सिंगापुर के रक्षा मंत्री डॉ. एनजी इंग हेन इन दिनों अपने तीन दिवसीय दौरे पर दिल्ली में हैं। यहां



आज उन्होंने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ छठी भारत-सिंगापुर रक्षा मंत्रियों की वार्ता की सह-अध्यक्षता की। इससे पहले, सिंगापुर के रक्षा मंत्री डॉ. एनजी इंग हेन ने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की। वहीं, उन्हें नई दिल्ली के मानेकशॉ सेंटर में औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर मिला। इस मौके पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी मौजूद रहे।

इस वार्ता को लेकर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने प्रतिक्रिया दी। राजनाथ सिंह ने कहा कि बीते महीने प्रधानमंत्री मोदी की सिंगापुर यात्रा के दौरान हमारे संबंधों को व्यापक रणनीतिक स्तर तक बढ़ाना हमारे देश के बीच बढ़ती निकटता का प्रमाण है। अब दोनों देशों के रक्षामंत्रियों की यह बैठक यह ऐसे समय में हो रही है जब भारत की एक्ट ईस्ट नीति के दस साल पूरे होने का जश्न मना रहा है। इस नीति के तहत सिंगापुर ने आर्थिक सहयोग, सांस्कृतिक संबंधों को बढ़ावा देने और क्षेत्र के देशों के साथ रणनीतिक कनेक्टिविटी विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

राजनाथ सिंह ने कहा कि रक्षा सहयोग हमारे द्विपक्षीय संबंधों का एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है। साझेदारी और तीनों सेनाओं के बीच केंद्रित रक्षा सहयोग तंत्र और निरंतर जुड़ाव के जरिए यह दिनों दिन बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि हमारी आज की बैठक हमारे द्विपक्षीय संबंधों के पूरे स्पेक्ट्रम को गति प्रदान करेगी। इसके साथ ही क्षेत्रीय सुरक्षा वास्तुकला को भी मजबूत करेगी पिछले महीने सिंगापुर में आयोजित भारत-सिंगापुर मंत्रिस्तरीय राउंडअप टेबल की दूसरी बैठक में हमारे सहयोगियों द्वारा हासिल की गई सफलता से मेल खाएगा।

## एनकाउंटर के मामले में बढ़ेगा अब जांच का दायरा, दूसरे थाने की टीम भी करेगी जांच







**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** आने वाले दिनों में उत्तर प्रदेश पुलिस के लिए एनकाउंटर के मामले में जांच के कई दायरे होंगे। उत्तर प्रदेश पुलिस के डीजीपी प्रशांत कुमार ने पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारे जाने वाले अपराधियों का पोस्टमार्टम अब दो डॉक्टरों की संयुक्त टीम करेगी। साथ ही पोस्टमार्टम की वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी। वहीं विधि विज्ञान प्रयोगशाला की टीम घटनास्थल की फोटोग्राफी कर क्राइम सीन की भी जांच करेगी।

इन सभी साक्ष्यों को विवेचना में शामिल किया जाएगा। इसके साथ ही इस पूरे मामले में दूसरे थानाक्षेत्र की पुलिस भी तमाम बिंदुओं पर जांच करने का काम करेंगें। यह सब एनकाउंटर को लेकर उठ रहे सवालों के बाद किया गया है।

यूपी में विधानसभा का उपचुनाव और विधानसभा उपचुनाव में एनकाउंटर का मुद्दा इन दिनों हॉट टॉपिक बना हुआ है। इसके साथ ही कहा गया है कि पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारे जाने वाले अपराधियों का पोस्टमार्टम अब दो डॉक्टरों की संयुक्त टीम करेगी। साथ ही पोस्टमार्टम की वीडियोग्राफी भी करवाई जाएगी। विधि विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) की टीम घटनास्थल की फोटोग्राफी कर क्राइम सीन की जांच करेगी। इन साक्ष्यों को विवेचना में शामिल किया जाएगा।



### क्या बढ़ेगा क्राइम ब्रांच की जांच का ग्राफ

करंट क्राइम : डीजीपी प्रशांत कुमार ने उच्चतम न्यायालय व राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के निर्देशों का हवाला देते हुए सभी पुलिस अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं कि पुलिस मुठभेड़ में अपराधी की मृत्यु होने पर तत्काल उसके परिवार को सूचित किया जाए। साथ ही सूचना के माध्यम का अभिलेखीकरण भी किया जाए। उन्होंने कहा है कि मुठभेड़ स्थल की फोटोग्राफी विधि विज्ञान प्रयोगशाला की टीम से करवाई जाए। इसके साक्ष्यों को विवेचना में शामिल किया जाए। इसके साथ ही घायलों की मेडिकल रिपोर्ट को सीडी में सुरक्षित करने के निर्देश दिया गया है। उन्होंने यह भी निर्देश दिए हैं कि अभियोग की विवेचना संबंधित पुलिस थाने की बजाए क्राइम ब्रांच या दूसरे थाने से करवाई जाए। इस संबंध में डीजीपी की तरफ से जारी निर्देश में कहा गया है कि मुठभेड़ में घायल पुलिस कर्मचारी व अपराधी के शस्त्रों का भी परीक्षण किया जाए। साथ ही घायलों की मेडिकल रिपोर्ट को सीडी में सुरक्षित रखा जाए।

## कोर्ट ने कहा 13 नवंबर को बॉलीवुड कोरियोग्राफर रेमो डिसूजा हाजिर हों

### पैसे वापस न करने पर हुआ था विवाद



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद कोर्ट ने बॉलीवुड के मशहूर कोरियोग्राफर और फिल्म निर्माता रेमो डिसूजा को 13 नवंबर को उपस्थित होने का आदेश दिया है। रेमो डिसूजा पर गाजियाबाद के एक व्यक्ति ने मुकदमा दर्ज कराया था।

आरोप है कि रेमो ने पीड़ित से पैसे लेकर फिल्म बनाई और पैसे दुगने करने का झांसा दिया। पैसे ना मिलने पर पीड़ित ने मुकदमा दर्ज कराया था। हालांकि उसी दिन गाजियाबाद विधानसभा का उपचुनाव होना है। गाजियाबाद के मोरटी के रहने वाले सत्येंद्र त्यागी के एडवोकेट मोहनीश जयंत ने बताया कि गाजियाबाद के थाना सिहानी गेट में 2016 में रेमो डिसूजा के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज हुआ था। यह मामला 2013 में एक फिल्म बनाई गई थी, जिसका नाम अमर मस्ट डाई से जुड़ा है। जिसमें जरीन खान और राजीव खंडेलवाल मुख्य भूमिका में थे।

### पैसा दोगुना कराने का था आरोप

करंट क्राइम : मोहनीश जयंत के मुताबिक इस फिल्म को बनाने के लिए रेमो डिसूजा ने सत्येंद्र त्यागी से बैंक अकाउंट में पैसे लिए थे। जिसमें रेमो ने दावा किया था कि वह 1 साल के अंदर पैसों को दुगना कर देंगे। जब पैसा नहीं मिला तब रेमो के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया था। यह मामला कोर्ट में चल रहा था। अब कोर्ट ने आदेश दिया है की रेमो डिसूजा को व्यक्तिगत रूप से 13 नवंबर को अदालत में पेश होना होगा। मोहनीश जयंत के मुताबिक अगर रेमो व्यक्तिगत रूप से पेश नहीं होते हैं तो अदालत उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी कर सकती है।



## शौर्य सिसोदिया ने क्विज कंपटीशन में जीता पुरस्कार

**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** कवि नगर स्थित केडीबी पब्लिक स्कूल के छात्र शौर्य सिसोदिया ने नेशनल लेवल के क्विज कंपटीशन में शानदार प्रदर्शन करते हुए पदक जीतने का काम किया है। शौर्य सिसोदिया केडीबी पब्लिक स्कूल कवि नगर के छात्र हैं। बीते दिनों खेतान पब्लिक स्कूल राजेंद्र नगर साहिबाबाद में नेशनल लेवल की एक प्रतियोगिता हुई थी। इस प्रतियोगिता में सीबीएसई और आईसीएसई बोर्ड के कई प्रमुख विद्यालयों के छात्रों ने इसमें भाग लिया था। इस प्रतियोगिता में मां भगवती टावर फ्लोरा एनक्लेव गंगापुरम गाजियाबाद में रहने वाले छात्र शौर्य सिसोदिया ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब जीता है। उनके पिता मनीष कुमार सिसोदिया दैनिक करंट क्राइम ग्रुप में अकाउंट अफसर है। पिता ने बेटे की इस उपलब्धि पर शाबाशी दी है।

तो वही परिवार के अन्य सदस्यों ने भी शौर्य के शानदार प्रदर्शन के लिए उनकी पीठ थपथपाई। इसके साथ ही शौर्य द्वारा क्विज प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन के लिए उनके शिक्षकों और साथियों ने भी उनको मुबारकबाद दी है।

बता दे कि इस पहले भी शौर्य सिसोदिया कई प्रतियोगिताओं में अपना शानदार प्रदर्शन कर चुके हैं। वह पढ़ाई के साथ-साथ अन्य क्रियाकलापों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं।

## 25 अक्तूबर को है नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि, अब तक हुए 2 नामांकन

### सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी के रवि कुमार पांचाल और निर्दलीय प्रत्याशी वीके अग्रवाल ने दाखिल किया नामांकन पत्र

### बसपा असपा के उम्मीदवार खरीद चुके हैं नामांकन पत्र, भाजपा और कांग्रेस के प्रत्याशी अभी भी नहीं पहुंचे नामांकन पत्र लेने

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** शहर विधानसभा सीट-56 उपचुनाव के लिए मंगलवार को दो उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किए। वहीं पांच उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र खरीदे। नामांकन पत्र खरीदने वालों में असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम से रवि गौतम ने नामांकन पत्र लिया। अब तक 18 नामांकन पत्र बिक चुके हैं। नामांकन की प्रक्रिया शुक्रवार को शुरू हुई थी। पांच दिनों में 18 उम्मीदवार नामांकन पत्र खरीद चुके हैं। इनमें बसपा, आसपा के अलावा आईएमआईएम समेत 15 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र खरीदे थे। गाजियाबाद शहर विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव को लेकर मंगलवार से प्रत्याशियों ने नामांकन शुरू कर दिया है।

मंगलवार को संजय नगर के रहने वाले वीके अग्रवाल ने निर्दलीय रूप में नामांकन पत्र दाखिल किया। वीके अग्रवाल विद्युत विभाग में अकाउंटेंट के पद से वर्ष 2016 में सेवानिवृत्त हुए हैं। अब वह समाजसेवा का काम करते हैं। उन्होंने 12वीं कक्षा तक शिक्षा ग्रहण की है। परिवार में पत्नी शशिप्रभा और दो बेटे हैं। दूसरी ओर सुभाष वादी भारतीय समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार रवि कुमार पांचाल ने भी नामांकन पत्र दाखिल किया। रवि पांचाल राजेंद्र नगर सेक्टर दो के रहने वाले हैं। सिमरन फिल्म मैनेजमेंट फर्म के संचालक हैं। उन्होंने आठवीं कक्षा तक शिक्षा ग्रहण की है। परिवार में पत्नी रेनू पांचाल के अलावा दो बेटियां और एक बेटा है।

# रफ्ता-रफ्ता बीत गई रात और हो गई शहर में सहर पता ही नहीं चला किसके हिस्से में आएगी भाजपा की ये चुनावी चेयर

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** शहर में चुनाव होना है और इंतजार में कार्यकर्ता थक गए। ये कहा गया था कि 21 को बैठक होगी और उसके बाद नाम घोषित, लेकिन कार्यकताओं के हिस्से में केवल इंतजार आया। दावेदारों के हिस्से में बेकरारी आई। सुबह से शाम हो गई, लेकिन भाजपा के उम्मीदवार का नाम नहीं आया। कार्यकर्ता इंतजार करते रहे। दिल्ली-लखनऊ से लेकर नागपुर वाले कनेक्शन के चेहरों को इलेक्शन से लेकर फोन होते रहे। आलम ये रहा कि चर्चा में कभी इसका नाम चलता तो कभी उसका नाम चलता। कभी अशोक नगर वालों का जिक्र होता तो कभी राजनगर वालों का जिक्र होता। कभी सौ फुटा रोड वालों का नाम आता तो कभी रामलीला वालों के नाम की चर्चा चल जाती। कभी चीफ का टिकट हो जाता तो कभी अस्पताल वालों की पुत्रवधू के नाम की चर्चा चल जाती।

कुल मिलाकर सीन ये था कि समय बिताने के लिये कोई ना कोई नई चर्चा थोड़ी-थोड़ी देर बाद आ रही थी। इंतजार हो रहा था और सुबह से शाम हो गई मगर भाजपा का नाम ही नहीं आया। कार्यकर्ता फेसबुक पर अपनी बातें लिखते रहे। किसी ने कहा कि घोषणा तो सुबह होगी तो किसी ने कहा कि शाम को नाम आ जाएगा। एक गारंटर कार्यकर्ता फेसबुक पर आए और कहा कि भाजपा महानगर कार्यालय पर 9 बजे और तुम्हें उम्मीदवार वहीं

















मिलेंगे। बहरहाल सुबह से शाम हुई और फिर शाम से देर शाम हुई और देर शाम से रात हो गई फिर रात भी बीत गई और सहर आ गई लेकिन शहर वाला टिकट घोषित नहीं हुआ।

मंगलवार की जो सुबह उम्मीदवारी की उम्मीदों के साथ शुरू हुई उम्मीदों के साथ जो सूरज निकला था वो सूरज अटकलों के साथ शाम को डूब गया। कभी कोई नाम चलता रहा तो कभी कोई नाम चलता रहा। सभी अपने-अपने कयास लगाते रहे, लेकिन शहर वालों ने आखिरकार सुबह से शाम और फिर चुनावी सहर भी देख ली। लेकिन कुछ घोषित नहीं हुआ। सवाल यही है कि आखिर भाजपा से वो कौन सा उम्मीदवार आएगा जो विधानसभा उपचुनाव में मायावी चेयर पर बैठेगा। दैनिक करंट क्राइम पहले ही मायावी कुर्सी के टूनार्मेंट का ऐलान कर चुका है और अब नामांकन प्रक्रिया में भी ज्यादा समय नहीं बचा है। ऐसे में उम्मीदवार के नाम का ऐलान कब होगा इसकी तरफ सभी का ध्यान रहा।

### क्या विपक्ष के ऐलान का कर रही थी भाजपा इंतजार

हालांकि गाजियाबाद की बात की जाए तो ये भाजपा का अभेद दुर्ग है। यहां भाजपा नगर निगम के सदन में सौ में से 75 सदस्यों के साथ काबिज है। मोदीनगर, मुरादनगर, लोनी, साहिबाबाद शहर और धौलाना सीट पर भाजपा का कब्जा है। देश की सबसे बड़ी जीत उसे यहीं से मिली है। लोकसभा को सांसद शहर की विधानसभा से मिला है। ऐसे में इस सवाल को भी अटकल बताया जा रहा है कि भाजपा विपक्ष के उम्मीदवार के नाम का ऐलान का होने का इंतजार कर रही है। हालांकि भाजपा के ही कुछ नेताओं ने इस बात की पुष्टि की और कहा कि चुनावी रण में सभी अस्त्र-शस्त्र देखने पड़ते हैं और भाजपा के दूसरे पक्ष के नेताओं ने कहा कि जहां भाजपा मेयर चुनाव में 17 प्रतिशत वोटों के साथ सबसे बड़ी जीत उपचुनाव में ले आई थी वो अपने जाट उम्मीदवार को 40 हजार प्लस वोटों से चुनाव जिताकर लाई थी। लिहाजा भाजपा का ये मजबूत दुर्ग है। यहां भाजपा पर विपक्ष के जातीय फैक्टर का असर नहीं पड़ता। यहां भाजपा पर कम मतदान का असर नहीं पड़ता। ऐसे में वो गठबंधन उम्मीदवार के नाम का इंतजार करे ये संभव नहीं है और भाजपा वाले मानते हैं कि भाजपा में संगठन स्तर पर टिकट कई चरण से होकर गुजरता है और उसी में देर लगी होगी। वरना विपक्ष के चेहरे से भाजपा पर कोई फर्क नहीं पड़ता।

## जब उत्साह से लबरेज देवतुल्यों ने कर दिया फेसबुक पर उम्मीदवार के नाम का ऐलान तब महानगर अध्यक्ष ने कहा सब संयम से काम लें और करें घोषणा का इंतजार


Sanjeev Sharma

आप सभी कार्यकर्ता बंधुओं से अनुरोध है कि सब संयमित रहे अभी किसी उम्मीदवार की घोषणा नहीं हुई है जिसका भी टिकिट होगा वह भाजपा कार्यकर्ता होगा

12 · 1 comment 2 shares


Adv Ravinder Rajput ... is with Shyam Sharma Bjp and 13 others.

संजीव शर्मा जी को विधायक का टिकट मिलने पर सभी कार्यकर्ताओं को बहुत बहुत बधाई, कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर।। सभी कार्यकर्ताओं तन मन धन से कमल के प्रत्याशी को जिताने में लग जाओ।

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** चुनावी टिकट के इंतजार में कार्यकर्ता सुबह से बेचैन रहे और सीन ये रहा कि समय बिताने के लिये सब अलग-अलग बातें करने लगे और फिर हंगामा तब मचा जब रविंद्र राजपूत नामक भाजपा कार्यकर्ता ने उत्साह में आकर विधायक वाले टिकट की घोषणा कर दी।

उन्होंने फेसबुक पर लिख दिया कि संजीव शर्मा को विधायक का टिकट मिलने पर सभी कार्यकताओं को बहुत-बहुत बधाई। कार्यकताओं में खुशी की लहर बताई और कहा कि सभी कार्यकर्ता तन-मन-धन से कमल के प्रत्याशी को जिताने में लग जाओ। बताते हैं कि इसी तरह का माहौल बना और जैसे ही भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा को यह सूचना प्राप्त हुई तो उन्होंने तुरंत ही फेसबुक पर आकर कार्यकताओं को समझाया। संजीव शर्मा ने कहा कि सब लोग संयमित रहें अभी किसी उम्मीदवार की घोषणा नहीं हुई है। जिसका भी टिकट होगा वो भाजपा कार्यकर्ता होगा। संजीव शर्मा ने कार्यकताओं से अनुरोध किया और कहा कि सभी कार्यकर्ता संयम में रहें।

### देवतुल्य गये भूल हमारा प्रत्याशी कमल का फूल

भाजपा में पहले से ये कहा जाता है कि ना कोई शंका ना कोई भूल हमारा प्रत्याशी कमल का फूल। भगवा गढ़ के लिये ये बात भी कही जाती है कि यहां कमल का फूल चुनाव लड़ता है। कमल का फूल चुनाव लड़वाता है। कमल का फूल ही वोट डालने जाता है और कमल का फूल ही चुनाव जीतता है। लेकिन जब मंगलवार को उम्मीदवार का इंतजार करते -करते एक कार्यकर्ता ने फेसबुक पर अपनी तरफ से ही नाम का ऐलान किया तो महानगर संगठन भी हैरान हुआ। कहा जाता है कि शायद देवतुल्य कार्यकर्ता ना कोई शंका ना कोई भूल वाले लोगों को भूल गया। जब इंतजार हद से ज्यादा हो गया तो कार्यकर्ता भी इस वाक्य को साइड में रखकर जज्बाती हो गया।

# यूपी की प्रगति संतोषजनक पर संभावनाओं को देखते हुए ये पर्याप्त नहीं : सीएम योगी



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में सिल्क एक्सपो का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने किसानों को सम्मानित भी किया। उन्होंने कहा कि यूपी की प्रगति पहले की तुलना में संतोषजनक है पर यहां की संभावनाओं को देखते हुए अपर्याप्त है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एक नारा हमेशा प्रचलित रहा है, रोटी कपड़ा और मकान। कपड़ा जीवन की आवश्यकता है और किसान की आमदनी बढ़ाने के साथ रोजगार का सशक्त माध्यम है। यूपी की प्रगति पहले की तुलना में संतोषजनक हो सकती है लेकिन यूपी की संभावनाओं को देखते हुए अपर्याप्त है। सिल्क एक्सपो भी इसका माध्यम बने इसलिए आह्वान करूंगा। मुख्यमंत्री योगी मंगलवार को लखनऊ के इंदिरानगर में सिल्क एक्सपो के उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के अंदर वाराणसी और भदोही के आसपास आजमगढ़ से मुबारकपुर तक के कई जिलों में सिल्क क्लस्टर डेवलप करने के लिए केंद्र ने कदम बढ़ाए हैं। काशीधाम बनने के बाद बनारसी साड़ियों की मांग में बहुत वृद्धि हुई है। पीएम मित्र पार्क टेक्सटाइल पार्क एक हजार एकड़ में विकसित होने जा रहा है लेकिन कच्चा माल हमें ही तैयार करना होगा। किसान के लिए असीम संभावनाएं हैं। बस्ती, गोरखपुर और देवीपाटन सही कई मंडलों में रेशम उत्पादन बढ़ेगा। यूपी का क्लाइमेट जोन अलग अलग है। ऐसे में यहां हर तरह के रेशम उत्पादन की अच्छी संभावनाएं हैं। अगर बनारसी साड़ी सहित अन्य रेशम उत्पाद को प्रदेश में सस्ता कच्चा माल मिलेगा तो बहुत विकास होगा। मार्केटिंग से लेकर डिजाइनिंग तक के लिए सरकार आपके साथ है। उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य है जिसने अपने परंपरागत उत्पाद के लिए नई पॉलिसी बनाई, जिसे एक जिला एक उत्पाद का नाम दिया। सरकार ने इसे उत्पादन, पैकेजिंग, मार्केटिंग और डिजाइनिंग से जोड़ा है। यूपी में 75 से ज्यादा उत्पादों को जीआई टैग मिला है। पिछली सरकारों की उपेक्षा का दंश यूपी के पारंपरिक उत्पादों को झेलना पड़ा। आज अलग जिलों के अलग उत्पाद ग्लोबल प्लेटफार्म में यूपी की पहचान मजबूत कर रहे हैं। सिल्क क्लस्टर यूपी में बनाना होगा। किसानों को रेशम मित्र के रूप में पहचान दिलाएंगे। सरकार हर संभव सहायता करेगी। उन्होंने कहा कि पीएम मित्र पार्क इन संभावनाओं को आगे बढ़ाने में मदद करेगा। रेशम पारंपरिक तकनीक पर है लेकिन तकनीक के साथ खुद को बदलना पड़ेगा। चरखा अब बिजली का आ गया है। रेशम के उत्पादों को जब प्रोसेसिंग से जोड़ रहे हैं तो आधुनिक तकनीक की मदद लेनी पड़ेगी।

# उपचुनाव में गड़बड़ी करने वाले अधिकारियों के जगह-जगह पोस्टर लगाएंगे : अखिलेश यादव

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि अधिकारी उपचुनाव में भाजपा को जिताने के लिए काम कर रहे हैं। हम उनकी शिकायत चुनाव आयोग से करेंगे और जगह-जगह उनके पोस्टर लगा देंगे। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि उपचुनाव में भाजपा को जिताने के लिए अधिकारी भाजपा के कार्यकताओं की तरह काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अंबेडकरनगर के जिलाधिकारी भाजपा के जिला अध्यक्ष की तरह काम कर रहे हैं। जो अधिकारी गड़बड़ करेंगे हम उनकी शिकायत चुनाव आयोग में करेंगे और जगह-जगह उनके पोस्टर लगा देंगे। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव मंगलवार को प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने महिला सिपाही के साथ हुए दुष्कर्म के मामले पर योगी सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा के मामले में प्रदेश में कानून व्यवस्था जीरो है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पुलिस दबाव में काम कर रही है। भाजपा ने पुलिस पर हथकड़ी लगा दी है।

## एकजुट रहेगा इंडिया गठबंधन

अखिलेश यादव ने कहा कि इंडिया गठबंधन एकजुट है। उपचुनाव मिलकर लड़ेंगे। भाजपा कितना भी जोर लगा ले लेकिन पीडीए एकजुट रहेगा। उन्होंने एक साल में यूपी में गरीबी दूर करने के भाजपा के



दावे पर कहा कि एक साल में तो सरकार ही चली जाएगी।

## भाजपा पर लगाया दंगा कराने का आरोप

अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा ने बहराइच में दंगा करवाया है। ये लोग उपचुनाव में हार से डर गए हैं और अपनी नाकामी छिपाने के लिए ऐसा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस भाजपा के दबाव में है। यूपी में फेक एनकाउंटर हो रहे हैं। सुल्तानपुर में मंगेश यादव का एनकाउंटर किया और जब सवाल उठने लगे तो एक ठाकुर का एनकाउंटर कर दिया। एक यादव की हत्या के बाद बैलेंस करने के लिए एक ठाकुर की हत्या कर दी। कहा कि जनता जब तक भाजपा को नहीं हटाएगी न्याय नहीं मिलेगा।

## कटेहरी विधानसभा सीट के लिए दाखिल हुआ नामांकन

इसके पहले, अंबेडकरनगर के कटेहरी कटेहरी विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव के लिए सपा प्रत्याशी शोभावती वर्मा ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर नामांकन दाखिल किया। उन्होंने दो सेट में पर्चा भरा। सांसद लालजी वर्मा, पूर्व मंत्री विधायक राम अचल राजभर, पूर्व सांसद विधायक त्रिभुवन दत्त और पूर्व एमएलसी हीरालाल यादव के साथ नामांकन करने के बाद शोभावती ने कहा कि कटेहरी की जनता उनके साथ है। जाति धर्म से ऊपर उठकर मतदाता उनका साथ देंगे।

## बसपा प्रत्याशी ने भी भरा पर्चा

कटेहरी उपचुनाव में बसपा प्रत्याशी अमित वर्मा ने भी मंगलवार दोपहर बाद अपना परचा दाखिल कर दिया। कटेहरी से 2012 में कांग्रेस से चुनाव लड़ चुके अमित इस बार बसपा से मैदान में हैं।

## न्यूज डायरी

### अहोई अष्टमी पर बन रहे कई मंगलकारी योग



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** अहोई अष्टमी का व्रत करवा चौथ से चौथे दिन अर्थात कार्तिक मास की कृष्ण पक्ष की अष्टमी को मनाया जाता है। इस वर्ष यह व्रत 24 अक्टूबर को मनाया जाएगा। कहते हैं- अहोई अष्टमी के दिन गोवर्धन में राधा कुंड में स्नान करने की परंपरा है और कुछ लोग भक्ति भाव से भगवान श्री कृष्ण की पूजा भी करते हैं। इस दिन माताएं बिना जल ग्रहण करें गोधूलि में तारों की छांव में अर्थात तारों को जल अर्पित करके और गुड़ के पूए बनाकर तारों का भोग लगाती हैं और अपने व्रत को खोलती हैं। माताएं अपनी संतान की खुशी, दीघार्यु व रोगों से उनकी रक्षा हो इसलिए नियम के साथ इस व्रत को रखती हैं। यह भी कहते हैं- घर में सुख समृद्धि के साथ-साथ बच्चों के करियर में खूब तरक्की होती है। इस दिन पूजा का शुभ मुहूर्त संध्या के समय 5 :42 से लेकर 6 :59 तक है। इस दिन कई मंगलकारी योग भी बन रहे हैं। इस शुभ अवसर पर साध्य रोग, अमृत सिद्धि योग व गुरु पुष्य योग के संयोग बन रहे हैं।

### झारखंड बीजेपी में उम्मीदवारों की सूची पर पार्टी में असंतोष, बागी बोले- बाहरी पर भरोसा



**झारखण्ड।** सूची जारी होने के बाद भाजपा नेताओं की नाराजगी का आलम यह है कि वे दल बदल रहे हैं। कई पूर्व विधायक हाल ही में भाजपा छोड़कर झामुमो में शामिल हो गए। झारखंड में विधानसभा चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज है। भाजपा ने पहले ही विधानसभा चुनावों को लेकर टिकट का एलान पहले कर दिया है। जिसके बाद से भाजपा में नेताओं और कार्यकताओं का असंतोष भी दिखने लगा है। भाजपा की सूची को लेकर पार्टी नेताओं ने अपने समर्पित कार्यकताओं को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया है। वे यह भी कह रहे हैं कि पार्टी ने अन्य दलों से भाजपा में शामिल होने वालों पर भरोसा जताया है। एक भाजपा नेता ने कहा कि हमें दुख है। अगर आप सूची देखें तो पार्टी ने अपने समर्पित कार्यकताओं को नजरअंदाज करते हुए, अन्य दलों से भाजपा में शामिल होने वालों पर भरोसा जताया है। अब तक घोषित 66 उम्मीदवारों में से आधे से अधिक ऐसे हैं जो अन्य दलों से आए हैं।

#### भाजपा छोड़कर झामुमो में जा रहे नेता

सूची जारी होने के बाद भाजपा नेताओं की नाराजगी का आलम यह है कि वे दल बदल रहे हैं। कई पूर्व विधायक हाल ही में भाजपा छोड़कर झामुमो में शामिल हो गए। बीते दिन पूर्व विधायक लुईस मरांडी, कुणाल सारंगी और लक्ष्मण टुडू सहित कई भाजपा नेता झामुमो में शामिल हो गए थे। वहीं, बीते सप्ताह तीन बार के बीजेपी विधायक केदार हाजरा और उसकी सहयोगी आजसू पार्टी के उमाकांत रजक भी सत्तारूढ़ दल में शामिल हो गए। कुणाल सारंगी ने कहा कि मैंने विदेश की नौकरी छोड़ दी और समाज की सेवा करने के लिए भारत आ गया। मैंने सभी महत्वपूर्ण लोगों तक पहुंचने की कोशिश की, लेकिन किसी ने इसकी परवाह नहीं की। यह पता लगाने की कोशिश भी नहीं की कि क्या गलत है। लोकसभा चुनाव के दौरान जमशेदपुर सीट के लिए मुझे शॉर्टलिस्ट किया था, लेकिन अब टिकट देने से इनकार कर दिया गया। बीजेपी में किसी ने भी मुझे फोन करने की जहमत नहीं उठाई।

# कांग्रेस की विचारधारा से सहमत सभी लोगों का हम स्वागत करते हैं: सीएम सिद्दारमैया



**बेंगलुरु।** उपचुनावों से पहले कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने मंगलवार को कहा कि जो कोई भी कांग्रेस की विचारधारा और संविधान के मूल्यों को स्वीकार करता है, उसका पार्टी में स्वागत है। सूत्रों ने पुष्टि की है कि सीएम का यह बयान इस बात का संकेत है कि भाजपा के बागी उम्मीदवार सीपी योगेश्वर कांग्रेस पार्टी में शामिल होने वाले हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता योगेश्वर ने एमएलसी पद से इस्तीफा दे दिया है और चन्नापटना से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने की घोषणा की है। सीपी योगेश्वर के कांग्रेस में शामिल होने के इच्छुक होने के बारे में पत्रकारों के एक सवाल का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने कहा, कांग्रेस उन सभी का स्वागत करती है जो पार्टी की विचारधारा और संविधान के मूल्यों से सहमत हैं।

चन्नापटना सीट के लिए मजबूत उम्मीदवार के चयन पर चर्चा चल रही है। पूर्व सांसद डीके सुरेश भी इस सीट के लिए मजबूत उम्मीदवार हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि चन्नापटना और शिग्गांव निर्वाचन क्षेत्रों के लिए किसे टिकट मिलेगा, इसका निर्णय जल्द लिया जाएगा। मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने यह भी घोषणा की कि संदुर उपचुनाव में पार्टी का टिकट सांसद ई. तुकाराम की पत्नी को दिया जाएगा। इस बीच, डीके सुरेश ने मंगलवार को कहा कि हर कोई उन पर उपचुनाव लड़ने के लिए दबाव डाल रहा है। अभी तीन दिन का समय है और मैं चुनाव लड़ने पर विचार करूंगा। सुरेश ने कहा कि कांग्रेस नेतृत्व योगेश्वर के पार्टी में शामिल होने पर निर्णय लेगा। उन्होंने कहा, मैं इस मुद्दे पर कोई टिप्पणी नहीं करूंगा। सुरेश ने कहा, मैं चन्नापटना जा रहा हूं। मैं युवाओं को संगठित करूंगा और पार्टी को मजबूत करने के लिए काम करूंगा। पार्टी अपने उम्मीदवार के चयन का निर्णय लेगी। फिलहाल, योगेश्वर के निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने की घोषणा के बाद भाजपा और जेडीएस इस मुद्दे पर असमंजस में हैं। एचडी कुमारस्वामी अपने बेटे निखिल कुमारस्वामी को चन्नापटना से चुनाव लड़ाने की योजना बना रहे हैं। इस पर अंतिम फैसला बुधवार तक भाजपा हाईकमान और जेडीएस द्वारा किया जाएगा। वहीं योगेश्वर ने कहा कि वह अंतिम क्षण तक भाजपा के फैसले का इंतजार करेंगे।

# 2061 वन मित्रों की नियुक्ति को मंजूरी विभागों में भरे जाएंगे 184 पद



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक मंगलवार को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में राज्य सचिवालय में आयोजित की गई। बैठक में कई बड़े फैसले लिए गए हैं। प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में वन विभाग में 2,061 वन मित्रों की नियुक्ति को स्वीकृति प्रदान की गई, इसमें 10 अंकों के व्यक्तिगत साक्षात्कार की शर्त को समाप्त कर दिया गया है। अब जल्द 2061 वन मित्रों की भर्ती शुरू हो सकेगी। भर्ती के लिए 75 फीसदी अंक शैक्षणिक योग्यता व 15 फीसदी अंक विभिन्न प्रमाणपत्रों के दिए जाएंगे। अब साक्षात्कार नहीं होगा। मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने दी।

## हमीरपुर अस्पताल में 150 नर्सिंग कर्मियों के पद भरने की मंजूरी

बैठक में डॉ. राधाकृष्णन राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल हमीरपुर में 150 नर्सिंग कर्मियों के पद सृजित कर भरने का भी निर्णय लिया गया। इसके अतिरिक्त मंत्रिमंडल ने चिकित्सा महाविद्यालय हमीरपुर में जनरल मेडिसिन, पीडियाट्रिक, जनरल सर्जरी, ऑर्थोपेडिक, एनेस्थीसिया और रेडियोलॉजी विभागों में एसोसिएट प्रोफेसर के छह पद और असिस्टेंट प्रोफेसर के 10 पद सृजित कर भरने का निर्णय लिया गया।

## इन विभागों में विभिन्न पद सृजित

मंत्रिमंडल ने जिला हमीरपुर के नादौन में एक नया उपमंडल पुलिस अधिकारी कार्यालय खोलने के साथ विभिन्न श्रेणियों में पांच पदों को सृजित कर भरने को स्वीकृति प्रदान की। बैठक में कांगड़ा जिला के इंदौरा में एक नई अग्निशमन चौकी की स्थापना को मंजूरी दी गई। इसके सुचारू संचालन के लिए विभिन्न श्रेणियों के 13 पद सृजित कर भरने को भी मंजूरी प्रदान गई।

# महाकुंभ 2025 के निर्माण कार्यों से बढ़ी प्रयागराज में होटल और होम स्टे की मांग



**प्रयागराज।** सनातन आस्था के सबसे बड़े आयोजन महाकुंभ 2025 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में दिव्य, भव्य, नव्य और ग्रीन बनाने के कार्य प्रयागराज में जोर-शोर से चल रहे हैं। प्रयागराज में न केवल संगम क्षेत्र बल्कि पूरे शहर में निर्माण कार्य युद्धस्तर पर जारी है। शहर में सड़कों, चौराहों, फ्लाईओवर, पार्कों और होटलों का निर्माण एवं सौंदर्यीकरण का कार्य हो रहा है। इसके चलते शहर में पिछले कुछ महीनों से कई राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय कंस्ट्रक्शन कंपनियां डेरा जमाए हुए हैं। इन कंपनियों के इंजीनियर, अधिकारियों और कर्मचारियों के शहर में ठहरने की जरूरत ने प्रयागराज निवासियों, होटल और मकान मालिकों को आय का नया स्रोत प्रदान किया है। प्रयागराजवासी महाकुंभ 2025 के आयोजन को लेकर आशान्वित और उत्साहित हैं। प्रयागराज में महाकुंभ 2025 के आयोजन को लेकर पूरे शहर, आस-पास एवं मेला क्षेत्र में कई निर्माण कार्य चल रहे हैं। सीएम योगी के निर्देश के अनुरूप सभी निर्माण एवं सौंदर्यीकरण के कार्य 15 दिसंबर तक पूरे किए जाने हैं। कई सरकारी और निजी कंस्ट्रक्शन कंपनियां शहर में अपने प्रोजेक्टस तेजी से पूरे करने में जुटी हैं। इसके चलते इन कंपनियों के अधिकारियों और कर्मचारियों को शहर में ठहरने के लिए किराए के मकान, होटल और होम स्टे की जरूरत पड़ रही है। इन अधिकारियों और कर्मचारियों की जरूरत के मुताबिक शहर में वेल फर्निश्ड, नॉन फर्निश्ड मकानों की मांग बढ़ी है। प्रयागराज के प्रापर्टी डीलरों का कहना है कि बड़ी संख्या में उनके पास क्वेरी आ रही हैं। इसके दृष्टिगत कई मकान मालिक अपने खाली पड़े कमरों और मकानों को होम स्टे में बदल रहे हैं। जहां लोगों को रहने, खाने और अन्य दैनिक जरूरतों की सुविधाएं भी दी जा रही हैं। इसके साथ ही, रेस्टोरेंट्स और टिफिन संचालकों की भी आमदनी बढ़ी है। प्रयागराज होटल्स और रेस्टोरेंट्स ओनर्स एसोसिएशन के प्रेसिडेंट हरजिंदर सिंह का कहना है कि महाकुंभ 2025 को लेकर शहर के सभी होटल्स व रेस्टोरेंट संचालक उत्साहित हैं। वो अपने-अपने होटल्स और रेस्टोरेंट में महाकुंभ के मुताबिक सुविधाओं का निर्माण करा रहे हैं। शहर के होटल्स में कई नेशनल और मल्टीनेशनल कंपनियों के लिए कमरे बुक हैं और उनके कई अधिकारी पिछले कई दिनों से उनमें रह भी रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि अभी से कई श्रद्धालु और पर्यटक महाकुंभ के दिनों के लिए इनक्वायरी और एडवांस बुकिंग भी करा रहे हैं।

# दिल्ली-एनसीआर में आज से लागू किए गए ग्रैप-2 प्रतिबंध



**नई दिल्ली।** अक्टूबर का महीना खत्म होने को है, लेकिन दिल्ली में प्रदूषण का स्तर लगातार बढ़ता ही जा रहा है। हालात ऐसे हो गए हैं कि अब दिल्ली में ग्रैप-1 के बाद ग्रैप-2 के प्रतिबंध को लागू किया गया है। ग्रैप-2 के तहत राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और एनसीआर के इलाकों में कई चीजों पर प्रतिबंध रहेगा। दरअसल, दिल्ली-एनसीआर में पिछले कुछ वर्षों से प्रदूषण के स्तर में वृद्धि हुई है। खराब आबोहवा को दुरुस्त करने के लिए हर बार दिल्ली में ग्रैप को कई चरणों में लागू किया जाता है। दिल्ली में बीते 15 अक्टूबर को एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) एक्यूआई 201 से 300 के बीच रहने पर ग्रैप का पहला चरण लागू किया गया था। हालांकि, अब प्रदूषण का स्तर 300 के पार पहुंचने पर ग्रैप-2 लागू किया गया है। ग्रैप-2 के तहत दिल्ली-एनसीआर में डीजल जनरेटर के इस्तेमाल पर प्रतिबंध रहेगा। हालांकि, ये आदेश राष्ट्रीय राजधानी के अस्पतालों, रेल और मेट्रो सेवाओं पर लागू नहीं होगा। इसके अलावा सड़कों की साफ-सफाई पर जोर दिया जाएगा। साथ ही सड़कों पर पानी का भी छिड़काव होगा, जबकि कोयले और लकड़ी को जलाने पर भी पूरी तरह से रोक रहेगी। इसके अलावा ग्रैप-2 के तहत प्राइवेट कार की पार्किंग फीस को बढ़ाया जाता है। साथ ही लोगों से अपील की जाती है कि वह पब्लिक ट्रांसपोर्ट का ही इस्तेमाल करें। इतना ही नहीं, सीएनजी और इलेक्ट्रिक बसों तथा मेट्रो के फेरे में इजाफा किया जाता है। बता दें कि ग्रैप में कुल चार चरण आते हैं। पहला चरण तब लागू होता है, जब एक्यूआई 201 से 300 के बीच रहता है।

# अरविंद केजरीवाल बन गए हैं माफी एक्सपर्ट : रविशंकर प्रसाद




**नई दिल्ली।** भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा अरविंद केजरीवाल की याचिका खारिज किए जाने का हवाला देते हुए कहा है कि देश को बदलने का ख्वाब लेकर आए अरविंद केजरीवाल अब माफी एक्सपर्ट बन गए हैं। अन्ना आंदोलन के समय कही गई एक भी बात को आज केजरीवाल फॉलो नहीं कर रहे हैं। भाजपा राष्ट्रीय मुख्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए रविशंकर प्रसाद ने कहा कि कल सुप्रीम कोर्ट ने मानहानि के मामले पर रोक लगाने की अरविंद केजरीवाल की याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें उन्होंने गुजरात हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती दी थी। प्रसाद ने केजरीवाल पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर अपशब्दों का प्रयोग करने का आरोप लगाते हुए कहा कि एक समय केजरीवाल के मन में पीएम मोदी की शैक्षणिक योग्यता और डिग्री को लेकर जागृति आ गई थी। रोज सवाल पूछते थे कि पीएम कहां से पढ़े हैं, कितना पढ़े हैं, डिग्री दिखाइए। यहां तक कि अपने लोगों से उन्होंने आरटीआई तक लगवाई। गुजरात विश्वविद्यालय के बारे में उस समय अनाश-शनाप बातें भी कही थी। गुजरात विश्वविद्यालय ने अपने रजिस्ट्रार के माध्यम से मानहानि का केस फाइल किया था। जिसके खिलाफ केजरीवाल की याचिका को सेशन कोर्ट और हाईकोर्ट तक ने खारिज कर दिया और अब सुप्रीम कोर्ट ने भी उनकी याचिका को खारिज कर दिया। भाजपा नेता ने आगे दावा किया कि यह सुनने में आया है कि केजरीवाल ने सुनवाई के दौरान ही माफी मांगने की बात कही। लेकिन, सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर माफी ही मांगनी थी तो पहले मांगते। अब इस मामले में या तो कोर्ट को फैसला देना होगा या केजरीवाल को यह याचिका वापस लेनी होगी तो उन्होंने उसे वापस ले लिया। ऐसे में अब केजरीवाल पर गुजरात में आपराधिक मानहानि का मामला चलता रहेगा। प्रसाद ने कहा कि दुनिया को ईमानदारी और भ्रष्टाचार पर लेक्चर देने वाले केजरीवाल का असली चेहरा तो पहले ही सामने आ चुका है। अरविंद केजरीवाल अलग-अलग मामलों में 10 बार माफी मांग चुके हैं। उन्होंने स्वर्गीय अरुण जेटली, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, विक्रम मजीठिया, कपिल सिब्बल और उनके बेटे एवं अवतार सिंह भड़ाना सहित कई मामलों का जिक्र करते हुए बताया कि केजरीवाल ने कब-कब माफी मांगी है। उन्होंने कहा कि देश की राजनीति में आलोचना और विरोध का अधिकार है, लेकिन देश की राजनीति में झूठे और मयार्दा विहीन आरोप लगाने का अधिकार नहीं है। अरविंद केजरीवाल का आचरण गैर-जिम्मेदाराना है और अब उम्मीद कर सकते हैं कि वह अपनी जुबान पर लगाम लगाएंगे। इस मामले में राहुल गांधी भी केजरीवाल के सखा हैं। जनसंख्या नियंत्रण को लेकर आ रहे बयानों पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि जनसंख्या नियंत्रण 60-70 वर्षों से इस देश की प्रतिबद्धता है और सबको इसका ख्याल रखना चाहिए। प्रियंका गांधी के वायनाड से चुनाव जीतने के बाद भाजपा के सामने चुनौती बढ़ने के सवाल पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि चुनौती से ना तो हम डरते हैं और ना ही हमारे नेता डरते हैं। अगर प्रियंका गांधी चुनाव जीतकर आती हैं तो उनकी तुलना उनके भाई (राहुल गांधी) से होगी। भारत और चीन के संबंधों को लेकर विपक्षी नेताओं द्वारा दिए जा रहे बयानों को लेकर पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि जहां तक चीन के साथ रिश्तों का सवाल है, यह एक संवेदनशील विषय है। इसमें कूटनीतिक स्तर पर वार्ता हुई और वार्ता के बाद जो भी निष्कर्ष निकला, उसकी जानकारी विदेश सचिव और विदेश मंत्री ने दी है और उन्हें इसके अलावा इस मसले पर कुछ नहीं कहना है। लेकिन, जहां तक राहुल गांधी और ओवैसी साहब की टिप्पणियों का सवाल है, कूटनीति और कूटनीतिक संवाद को लेकर उनकी समझदारी कितनी है, इस पर चर्चा करने की आवश्यकता है। रामगोपाल यादव के सीजेआई को लेकर दिए गए विवादित बयान को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि रामगोपाल यादव ने अपने बयान को वापस ले लिया है। लेकिन न्यायपालिका, सभी न्यायाधीश और मुख्य न्यायाधीश इन सभी लोगों का सम्मान हमें करना चाहिए। एक स्वतंत्र न्यायपालिका देश के लोकतंत्र के लिए आवश्यक है और यह संवैधानिक परंपरा भी है।

# दो दिसंबर से जेल भरो आंदोलन करेंगे माध्यमिक शिक्षक, पुरानी पेंशन सहित 18 मांगें रखीं



**लखनऊ।** माध्यमिक शिक्षक संघ ने पुरानी पेंशन बहाली समेत 18 सूत्रीय मांगों को लेकर लखनऊ स्थित माध्यमिक शिक्षा निदेशालय में धरना-प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि अगर हमारी मांगें नहीं मानी गईं तो 2 दिसंबर से जेल भरो आंदोलन करेंगे।

संगठन के प्रदेश मंत्री संजय द्विवेदी ने बताया कि प्रदेश में शिक्षकों, कर्मचारियों व अधिकारियों को पुरानी पेंशन देने, राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) समाप्त करने, सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में नियुक्त तदर्थ शिक्षकों की सेवा स्थाई करने, पहले से कार्यरत शिक्षकों को कार्यरत रखते हुए वेतन देने, माध्यमिक विद्यालयों में राष्ट्रीय नीति 2020 के अनुसार छात्र संख्या के अनुसार शिक्षकों के समायोजन आदि मांगों पर अभी तक कार्यवाही नहीं हुई है।

### घाटी में नए आतंकी संगठन का सफाया

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ खुफिया ब्रांच (सीआईके) ने बड़ी कार्रवाई की है। नए आतंकवादी संगठन के खात्मे के लिए घाटी में छापेमारी की है। काउंटर-इंटेलिजेंस कश्मीर ने श्रीनगर, गंदेरबल, बांदीपोरा, छापेमारी कर रही है।

खोया पाया

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा भूखंड संख्या थर्ड के, 131 नेहरू नगर, राकेश मार्ग में स्थित है जिसकी असल विक्रय अभिलेख की प्रति बैंक जाते समय कहीं गिर गई है किसी अन्य के द्वारा इसका उपयोग अवैध माना जाए तथा मिलने पर निम्न पते पर सूचित करें।

प्रार्थिनी
श्रीमती मालती चोपड़ा पत्नी
स्वर्गीय सुरेश चोपड़ा
निवासी-थर्ड ए रामकृष्ण कॉलोनी, जी टी रोड, गाजियाबाद

संबंध विच्छेद

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हमने अपने पुत्र विशाल एवं उसकी पत्नी श्रीमती सविता को उनके गलत व्यवहार के कारण अपनी चल -अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर दिया है भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी नैतिक अनैतिक कार्यों के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे हमारी व हमारे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

प्रार्थीगण
लालजी गुप्ता पुत्र श्री रामसुंदर गुप्ता एवं श्रीमती पुष्पा पत्नी लालजी गुप्ता निवासीगण एस. एम. 92 शास्त्री नगर, थाना- कवि नगर गाजियाबाद उत्तर प्रदेश

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। बुधवार 23 अक्टूबर-2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित






# कमिश्नरेट पुलिस का पटाखा बेचने वालों पर डबल एक्शन

## सिटी में पकड़े गए 50 लाख के पटाखे, तो नदियापार में भी हुई बड़ी कार्रवाई

### साहिबाबाद और टीलामोड़ पुलिस लगातार कर रही है कार्रवाई

**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** दीपावली का त्योहार सिर पर है और पुलिस ने बाजारों में अवैध रूप से पटाखा बेचने वालों के खिलाफ अभियान शुरू कर दिया है। कोतवाली घंटाघर एसीपी रितेश त्रिपाठी ने सूचना के आधार पर नवयुग मार्केट और मुख्य बाजारों में गोदाम बनाकर आतिशबाजी स्टोरेज करने के मामले का खुलासा करते हुए लगभग 40 से 50 लाख रुपए के अलग-अलग आतिशबाजी जप्त की है। गोदाम बेहद संकरी गली में बना हुआ था, कोई व्यक्ति वैध लाइसेंस के साथ नहीं मिला। वहीं स्कूटी पर एक व्यक्ति खड़ा था, जो पुलिस को देखकर फरार हो गया, व्यक्ति का नाम मोहन बताया जा रहा है। जिसकी पुलिस तलाश कर रही है। पुलिस ने इस दौरान करीब 100 कार्टून में अलग-अलग प्रकार के पटाखे जप्त किए हैं। यह कार्रवाई घंटाघर कोतवाली पुलिस के नेतृत्व में की गई है। उधर नदियापार के इंदिरापुरम थाना पुलिस ने भी एक आरोपी को 63 कार्टन और एक प्लास्टिक के बोरे में अवैध आतिशबाजी के साथ गिरफ्तार किया है।









### एसीपी ने डाली थी लाइव रेड, स्कूटी सवार पुलिस को देखा हुआ फरार

**करंट क्राइम ।** सूत्रों से जानकारी मिली है कि मंगलवार को घंटाघर कोतवाली पुलिस ने एसीपी रितेश त्रिपाठी के नेतृत्व में अवैध रूप से पटाखा स्टोरेज करने वाले एक गोदाम पर छापा मारा था। यहां बड़ी संख्या में अलग-अलग आतिशबाजियों के कार्टून बरामद हुए हैं। जिनकी कीमत 40 से 50 लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने जब भंडारण करने वाले स्थान पर लाइसेंस की मांग की तो वह लाइसेंस दिखाने में भी असमर्थ रहे। इसके बाद पुलिस ने आतिशबाजी को अवैध मानते हुए जप्त कार्रवाई कर दी है।

### मकनपुर में बनाया हुआ था पटाखों का गोदाम

**करंट क्राइम ।** इंदिरापुरम पुलिस ने मुखबिर की सूचना के बाद मकनपुर के हनुमान मंदिर के पास एक दुकान के अंदर अवैध पटाखों का भंडारण करने और बेचने के मामले में माजिद निवासी प्रताप विहार विजय नगर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 63 कार्टून पटाखे और एक प्लास्टिक का बड़ा बोरा व अन्य सामान बरामद किया है। बताया गया है कि इन पटाखों को दीपावली के त्यौहार पर बचने के लिए इकट्ठा किया गया था। गिरफ्तार किए गए आरोपी माजिद की उम्र 26 वर्ष बताई जा रही है।

### बच्चों के पॉपअप पटाखे भी किए गए जप्त

**करंट क्राइम ।** गली मोहल्ले में बच्चे पॉप पॉप मिकी माउस वाले पटाखे छोड़ते हैं। पुलिस ने इसके भी 15 कार्टून जप्त किए हैं। बताया जा रहा है कि यह भी अवैध रूप से रखे गए थे, हालांकि पुलिस के अधिकारियों से जानकारी मिली है कि इसे ग्रीन पटाखे के रूप में माना जाता है लेकिन इसका क्षमता से अधिक भंडारण किया गया था, जिस वजह से यह पटाखे जप्त किए गए हैं।

### कई और थानाक्षेत्रों में भी पुलिस कर रही है कार्रवाई

**करंट क्राइम ।** दीपावली पर वायु प्रदूषण की स्थिति को कंट्रोल करने और अभी तक आतिशबाजी को लेकर कोई अनुमति न मिलने के बाद पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद एक्शन मोड में आ गई है। लगातार तीनों जोन में पुलिस कार्रवाई कर रही है। तो वहीं ट्रांस हिंडन जोन के अंतर्गत टीलामोड़ पुलिस और लोनी बॉर्डर, अंकुर विहार के साथ ही साहिबाबाद, इंदिरापुरम और घंटाघर कोतवाली पुलिस पटाखे को बेचने और भंडारण करने वाले आरोपियों पर कार्रवाई कर चुकी है। वहीं पुलिस के सूत्र बता रहे हैं कि आने वाले दिनों में कई ओर थाना क्षेत्रों में इस प्रकार की कार्रवाई देखने को मिल सकती है।

# फ्लॉवर वाले नहीं करा रहे हैंडपंप वालों को इलेक्शन वाली फील

## रालोद है चुनाव में सहयोगी मगर भाजपा वाले नहीं मान रहे ज्यादा उपयोगी

RLD BJP

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** चुनावी गठबंधन में कहीं लहजों से गांठे हैं तो कहीं बातों से गांठे हैं। कांग्रेस और सपा सीटों को लेकर लहजे बदल रही है तो भाजपा ने रालोद को अपने सहयोगी दल में लिया है। रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष को सरकार में मंत्री पद दिया है। यूपी में एक विधायक को भी मंत्री बनाया है, लेकिन इस सबके बाद भी रालोद को वो स्वाद नहीं आया है। इसकी वजह ये है कि रालोद कहने को तो भाजपा का चुनावी सहयोगी है, लेकिन भाजपा नेताओं के लहजे बता रहे हैं कि उनके लिए रालोद के नेता कितने उपयोगी हैं। गाजियाबाद में रालोद के राष्ट्रीय नेता रहते हैं, राष्ट्रीय पदाधिकारी रहते हैं। प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी रहते हैं। इस धरा को जाटलैंड कहा जाता है और यहां रालोद के वोटर भी माने जाते हैं। लेकिन फूल वाले रालोद वालों को चुनाव वाली फील ही नहीं दे रहे। सितम ये है कि शहर में चुनाव है और रालोद के राष्ट्रीय पदाधिकरियों को भाजपा वालों ने अपने किसी बैठक में नहीं बुलाया है। भाजपा ने अपनी चुनावी रणनीति की बैठक भी बुलाई तो उन्होंने अपने सहयोगी दल रालोद से दूर ही रहे। यहां पर रालोद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरदार इंद्रजीत सिंह टीटू रहते हैं। वो राजनीतिक रूप से एक्टिव हैं। सियासत से लेकर सामाजिक मुद्दों पर खूब अपनी राय रखते हैं। सिख समाज से नेता हैं और सिख समाज में अपना असर रखते हैं लेकिन इस सिख नेता को भी भाजपा ने अपनी किसी बैठक में नहीं बुलाया। श्री टीटू इस बात को पत्र लिखकर उठा भी चुके हैं, लेकिन फूल वालों ने इस पर ध्यान नहीं दिया। रालोद की बात करें तो यहां अजयवीर सिंह चौधरी, अमरजीत सिंह बिड्डी, रामानंद गोयल, रविन्द्र चौहान सहित कई नेता हैं मगर वो सहयोगी वाली पहचान रख रहे हैं और भाजपा उनसे कोई सहयोग नहीं ले रही। गठबंधन जरूर है लेकिन रालोद का कोई नेता नजर नहीं आ रहा।

# भाजपा खेमे में होती रही ये चर्चा कौन भरेगा यहां से पर्चा

## कभी चला संजीव का नाम तो कभी हुआ अशोक मोंगा के नाम पर जिक्र और कहीं मयंक गोयल तो कहीं ललित जायसवाल की फिक्र

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा का अभिन्न दुर्ग गाजियाबाद है और यहां भी भाजपा को उम्मीदवार का नाम घोषित करने में जब देरी हुई तो चचाएं शुरू हुईं। दिल्ली लखनऊ में बंद कमरों में बैठकों का दौर चला और पता चला कि लखनऊ की सियासत के दो बड़े चेहरें दिल्ली पहुंचे हैं। चर्चा यही रही कि भगवा गढ़ में भाजपा के टिकट पर कौन चुनावी पर्चा भरेगा। दैनिक करंट क्राइम ने पहले ही मायावी कुर्सी के टूनार्मेंट का प्रकाशन किया था। नामांकन में अब ज्यादा समय नहीं है और यहां टिकट किसका होगा इसके लिए कयास में कई नाम आए। कभी महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा के नाम पर कार्यकर्ता मुहर लगाते तो कभी पंजाबी समाज से अशोक मोंगा के नाम का प्रबल जिक्र चलने लगता। कभी मयंक गोयल के टिकट पर मुहर लगती तो कभी ललित जायसवाल का नाम चलने लगता। आखिरकार चर्चा की भी एक लिमिट होती है और फिर जब कार्यकर्ता थक गए तो किसी ने फेसबुक पर लिखा कि चुपचाप सो जाओ। किसी ने कहा कि एसएस के बनने से बैटिंग बढ़िया रहेगी। किसी ने लिखा कि आप के दावेदार का टिकट हो रहा है। बहरहाल सारे दिन ये चर्चा चलती रही और चर्चा में कभी कोई पर्चा भर रहा था तो कभी कोई पर्चा भर रहा था।


















# नहीं सुलझी अगर सपा और कांग्रेस में चुनावी सुलह वाली बात

## ऐसे में फिर क्या रहेंगे उपचुनाव में दोनों ही दलों के हालात

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** लोकसभा चुनाव में सपा और कांग्रेस हाथ मिलाकर चुनाव लड़े। दोनों ही दलों में सीटों पर सहमति बन गई। उत्तर प्रदेश में कांग्रेस गठबंधन धर्म में 17 सीटों पर ही चुनाव लड़ने के लिये राजी हो गई। ये ज्यादा पुरानी बात नहीं है और इसी साल के मई और जून की बात है। लेकिन ऐसा क्या हुआ कि चार महीने में ही दोनों दलों के सीने में कुछ कर गुजरने की आग आने लगी। चार महीने पहले तक समाजवादी पार्टी के साथ राजी कांग्रेस अचानक से उपचुनाव आते-आते बागी तेवर अपनाने लगी। जिन सीटों पर गठबंधन उम्मीदवार घोषित हो जाने थे उन सीटों पर अभी तक सहमति नहीं बन पाई है। ऐसे में ये एक बड़ा सवाल खड़ा हो गया कि अगर सपा और कांग्रेस के बीच चुनावी हालात नहीं सुलझे तो फिर यहां क्या तस्वीर रहेगी।

उपचुनाव में नामांकन करने के लिये सिर्फ दो दिन बाकी हैं और अभी तक सपा और कांग्रेस में इस बात को लेकर मंथन हो रहा है कि उन्हें अकेले चुनाव लड़ना है या फिर हाथ मिलाकर साथ-साथ चुनाव लड़ना है। बहरहाल अब इस बात पर दोनों ही दलों के नेता नजर रखे हुए हैं कि अगर बात नहीं बनती है तो फिर चुनावी हालात क्या रहेंगे।







### कितना रहेगा नाराजगी वाले गठबंधन का चुनावी इफेक्ट

**करंट क्राइम।** लोकसभा में साथ-साथ लड़ने वाले कांग्रेस और सपा अब दो सीटों को लेकर आपस में लड़ रहे हैं। सपा कांग्रेस को तीन सीटें देने के लिये तैयार है लेकिन कांग्रेस को दो सीटें और चाहिए। समाजवादी पार्टी सात सीटें मांग रही है और वो दो सीटें किसी भी तरह कांग्रेस को देने को तैयार नहीं है। गठबंधन का पेंच दो सीटों पर आकर फंस गया है। एक-दो से कम लेने को तैयार नहीं और दूसरी पार्टी दो सीट देने को तैयार नहीं है। उसके बाद भी दोनों दलों के नेता ये उम्मीद लगा रहे हैं कि गठबंधन तो रहेगा और गठबंधन में ही चुनाव लड़ेंगे। मगर बड़ा सवाल ये है कि अगर गठबंधन रहेगा तो फिर ये नाराजगी का गठबंधन क्या चुनावी इफेक्ट छोड़ेगा। जब चुनावी रणनीति को लेकर ही आपस में गांठ पड़ जाएगी तो दोनों दलों के नेता कैसे मिलकर एक-दूसरे का चुनाव लड़ाएंगे। ऐसी स्थिति में क्या सपा और कांग्रेस के बड़े नेता एक-दूसरे उम्मीदवार के यहां चुनाव प्रचार करने जाएंगे।

### कांग्रेस को चाहिए पांच सीट और सपा तीन से ज्यादा देने को तैयार नहीं

**करंट क्राइम।** सूत्र बताते हैं कि देर रात तक सपा और कांग्रेस दोनों के वरिष्ठ नेताओ के यहां सीटों को लेकर मंथन चलता रहा। बात सीटों के बंटवारे पर आकर ही अटकी है और यहीं से समाजवादी की साइकिल कांग्रेस के ट्रैक से भटकी है। बताते हैं कि शुरूआती दौर में समाजवादी पार्टी ने सात सीटें अपने पास और तीन सीटें कांग्रेस को देने की बात कही। कांग्रेस उस समय शांत रही लेकिन फिर कांग्रेस का ये बयान आया कि समाजवादी चाहे तो दस की दस सीटों पर अपने उम्मीदवार लड़ा लें। सबने इसे कांग्रेस का सरेंडर बताया लेकिन ये तथ्य बाद में सामने आया कि कांग्रेस ने ये बात नाराजगी में कही थी और ये कांग्रेस की जाहिराना नाराजगी थी। अगले दिन कांग्रेस ने अपनी डिमांड रखी और कहा कि वो आधे-आधे पर राजी और पांच सीटों पर कांग्रेस के उम्मीदवार उतरेंगे। सूत्र बताते हैं कि सपा इस हाफ-हाफ समझौते के लिये तैयार नहीं।

# सपा आई अकेले तो यहां अभिषेक गर्ग का चेहरा रहेगा खास

### चुनावी रणनीति रहेगी कामयाब और सपा चलेगी वैश्य कार्ड



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** समाजवादी पार्टी अगर कांग्रेस के गठबंधन से अलग आती है तो यहां उसके पास विधानसभा के हिसाब से वैश्य चेहरों में अभिषेक गर्ग का चेहरा सबसे मजबूत है। ये वो चेहरा है जो कार्यकताओं के हर दुख सुख में साथ है। अगर कार्यकताओं के बीच कोई बात है तो थाने तक अभिषेक गर्ग अपने कार्यकर्ता के साथ खड़े होते हैं। अगर पार्टी को सम्मेलन करना है तो वो अपने फार्म हाउस के दरवाजे खोल देते हैं। ऐसे में उन कार्यकताओं का मनोबल अभिषेक गर्ग के आने से बढ़ेगा। चुनावी माहौल में फिट होने की बात करें तो यहां अभिषेक गर्ग उस शहरी परिवेश से पूरा मेच करते हैं जिसे यहां का वोटर पसंद करता है। अभिषेक गर्ग उच्च शिक्षित हैं और बेहद सौम्य और सरल व्यवहार के नेता हैं। उनकी ये सौम्यता और सरल स्वभाव उन्हें सांसद अतुल गर्ग और दिवंगत पूर्व विधायक सुरेश बंसल के समकक्ष रखता है। वो शालीन नेता हैं और उनकी छवि गैर विवादित है। शहर के लोगों से वो और उनका परिवार परिचित है। ऐसे में अगर सपा अपने दम पर चुनाव लड़ने का ऐलान करती है तो यहां अभिषेक गर्ग का चेहरा उसकी साइकिल को माइलेज देता है। सूत्र बताते हैं कि संगठन के कई नेताओं की गुड बुक में अभिषेक गर्ग का चेहरा है। वो वैश्य समाज से आते हैं और सामाजिक तौर पर भी काफी मजबूत हैं।

### कांग्रेस और सपा अध्यक्ष शीर्ष नेतृत्व के फैसले के इंतजार में

**करंट क्राइम।** जिन दो दलों में कल तक गठबंधन वाली यारी थी उन दोनों दलों में दो सीटों को लेकर पेंच फंस गया है। साथ मिलकर चुनाव लड़ने का फैसला दोनों दलों के शीर्ष नेताओं को लेना है। ऐसे में स्थानीय स्तर पर सपा और कांग्रेस के अध्यक्ष केवल अपने शीर्ष नेतृत्व के फैसले का इंतजार कर रहे हैं। दोनों अध्यक्षों से बात की गई और दोनों ही पूरा दारोमदार अपने हाईकमान के फैसले पर छोड़े हुए हैं। जो भी निर्णय होगा उसे स्वीकार करने की बात दोनों अध्यक्ष कह रहे हैं।

### क्या कांग्रेस लेगी सुशांत गोयल के नाम स्टेंड



**करंट क्राइम।** कांग्रेस के यहां वैसे तो 15 कांग्रेस नेताओं ने चुनाव लड़ने के लिये अपना बायोडेटा दिया है। कांग्रेस के भीतर ही ये चर्चा है कि बायोडेटा देने वालों में कई नाम तो गुमनाम हैं और अगर उन्हें चुनावी मैदान में लाते हैं तो प्रचार का समय उनका परिचय कराने में निकल जायेगा। ऐसे में कांग्रेस को वो चेहरा चाहिए जो क्षेत्र में चुनावी पहचान रखता हो। इस समीकरण से कांग्रेस से विधानसभा चुनाव लड़ चुके सुशांत गोयल इस फ्रेम में फिट बैठते हैं। उन्होंने वर्ष 2022 में लोकसभा का चुनाव लड़ा। वो भले ही चुनाव हार गये थे लेकिन उन्होंने जनसंपर्क तो किया ही था। ऐसे में सुशांत गोयल के नाम पर कांग्रेस क्या स्टेंड लेती ये देखने की बात है।

## संपादकीय

# वायु प्रदूषण की चुनौती

देश के कई शहर गंभीर वायु प्रदूषण की चपेट में हैं. मानसून के दौरान या अन्य महीनों में बारिश होने पर कुछ राहत जरूर मिलती है, पर इस समस्या का स्थायी समाधान निकालना आवश्यक है। इस प्रयास में महाराष्ट्र के दो शहरों- पिंपरी चिंचवाड़ और छत्रपति संभाजीनगर- तथा ओडिशा के भुवनेश्वर में कुछ इलाकों को निम्न-उत्सर्जन क्षेत्र के रूप में निर्धारित किया जा रहा है. इन इलाकों में बहुत मामूली उत्सर्जन करने वाले वाहनों को ही प्रवेश की अनुमति होगी. लंदन और कुछ अन्य यूरोपीय शहरों में ऐसे उपाय पहले किये जा चुके हैं।

महाराष्ट्र के दोनों शहरों में ऐसे क्षेत्रों को 2026 तक चिह्नित कर दिया जायेगा. ओडिशा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने भुवनेश्वर के लिए ऐसी योजना पिछले साल तैयार की थी. उल्लेखनीय है कि कुछ समय के लिए दिल्ली और आगरा में वाहन प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए ऐसे उपाय पहले किये जाते रहे हैं. ऐसी योजनाओं से सार्वजनिक यातायात साधनों के उपयोग में बढ़ोतरी की आशा है. मेट्रो रेल तथा बसों की सुविधा से वाहन उत्सर्जन को कम करने में कुछ सफलता मिली है, पर निजी वाहनों की संख्या बढ़ते जाने से स्थिति में कोई उत्साहजनक परिवर्तन नहीं हुआ है. भीड़ वाले तथा अधिक प्रदूषित क्षेत्रों में अगर वाहनों की आवाजाही को कम किया जा सके, तो इसका असर होना निश्चित है। ऐसी पहलें अन्य शहरों के लिए भी उदाहरण बन सकती हैं।

हाल में लांसेट प्लैनेटरी हेल्थ में प्रकाशित एक रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत के दस बड़े शहरों- दिल्ली, अहमदाबाद, बेंगलुरु, चेन्नई, हैदराबाद, कोलकाता, मुंबई, पुणे, शिमला और वाराणसी- में हर साल लगभग 33 हजार मौतें प्रदूषण के कारण होती हैं. वायु प्रदूषण कई बीमारियों का कारण तो बनता ही है, इससे लोगों की आयु भी घटती है. स्वच्छ ऊर्जा के उत्पादन में उल्लेखनीय प्रगति हो रही है तथा इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री भी बढ़ रही है। पर जीवाश्म ईंधनों की खपत में भारी कमी करने में अभी बहुत समय लग सकता है। ऐसे में हर तरह के उपायों को अपनाने पर विचार किया जाना चाहिए। एक बड़ी समस्या यह है कि अनेक राज्यों के प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अपनी जिम्मेदारी ठीक से नहीं निभा रहे हैं। साल 2019 में भारत सरकार ने राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम की शुरूआत की थी, जिसके तहत देश के 131 शहरों में प्रदूषण घटाने का लक्ष्य रखा गया है. केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के अनुसार, औसतन ये शहर आवंटित राशि का 60 प्रतिशत हिस्सा ही खर्च कर पाते हैं तथा 27 प्रतिशत शहर तो ऐसे हैं, जो निर्धारित बजट का 30 प्रतिशत भाग भी नहीं खर्च कर पाते, सरकारों और स्थानीय प्रशासन को मुस्तैदी से काम करने की जरूरत है।

# सुप्रीम कोर्ट ने यूनिटेक के निदेशक मंडल को पुलिस सहायता लेने की दी अनुमति



**नई दिल्ली।** प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने सरकार की ओर से नियुक्त यूनिटेक की निदेशक मंडल की अंतरिम याचिका पर मंगलवार को संज्ञान लिया। याचिका में कहा गया था कि रियल एस्टेट कंपनी को उसकी संपत्तियों तथा अन्य मामलों से प्रभावी ढंग से निपटने में तीसरे पक्ष की ओर से व्यवधान का सामना करना पड़ रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने यूनिटेक लिमिटेड में केंद्र की ओर से नियुक्त निदेशक मंडल को संकटग्रस्त रियल एस्टेट कंपनी की संपत्तियों पर तीसरे पक्ष की ओर से पैदा की जा रही बाधाओं से निपटने के लिए पुलिस सहायता लेने की मंगलवार को अनुमति दे दी। शीर्ष अदालत ने 20 जनवरी 2020 को यूनिटेक लिमिटेड के 12,000 से अधिक परेशान मकान खरीदारों को राहत देते हुए केंद्रीय कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय को रियल एस्टेट कंपनी का संपूर्ण प्रबंधन नियंत्रण अपने हाथ में लेने की अनुमति दी थी। न्यायालय ने हरियाणा कैडर के सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी युदवीर सिंह मलिक को कंपनी का चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) नियुक्त किया था।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने सरकार की ओर से नियुक्त निदेशक मंडल की अंतरिम याचिका पर मंगलवार को संज्ञान लिया। याचिका में कहा गया था कि रियल एस्टेट कंपनी को उसकी संपत्तियों तथा अन्य मामलों से प्रभावी ढंग से निपटने में तीसरे पक्ष की ओर से व्यवधान का सामना करना पड़ रहा है।

पीठ ने आदेश में कहा, ह्यह्ययह स्पष्ट किया गया है कि किसी तीसरे पक्ष द्वारा बाधा उत्पन्न किए जाने की स्थिति में, निदेशक मंडल पुलिस की सहायता ले सकता है।न्यायालय ने निदेशक मंडल को अन्य शिकायतों के निवारण हेतु सरकारी प्राधिकारियों के पास जाने की भी अनुमति दी। साथ ही न्यायालय ने प्राधिकारियों से भी कंपनी के निदेशक मंडल की सहायता करने को कहा।

## सेंसेक्स 240 अंक चढ़ा, आईटी और फार्मा सेक्टर में हो रही खरीदारी



**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को हरे निशान पर खुला। शुरूआती कारोबार में आईटी और फार्मा सेक्टर में खरीदारी देखने को मिली। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 239.33 अंक चढ़कर 81,390.60 पर पहुंच गया, जबकि निफ्टी 72.95 अंक चढ़कर 24,854.05 पर पहुंच गया। हालांकि, बाजार का रुख नकारात्मक रहा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर 679 शेयर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 1668 शेयर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। निफ्टी बैंक 229.40 अंक या 0.44 प्रतिशत की बढ़त के साथ 52,192.10 पर था। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 193.25 अंक या 0.34 फीसदी की गिरावट के साथ 57,484.45 पर कारोबार कर रहा था। निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 80.30 अंक या 0.43 फीसदी की बढ़त के साथ 18,717.10 पर था। सेंसेक्स में अल्ट्राटेक सीमेंट, टाइटन, पावरग्रिड इंफोसिस और आईसीआईसीआई बैंक टॉप गेनर्स रहे। वहीं, टाटा स्टील, कोटक महिंद्रा बैंक, एसबीआई, बजाज फाइनेंस और टाटा मोटर्स सबसे ज्यादा नुकसान में रहे। निफ्टी में अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड, अदाणी पोर्ट्स, मारुति, इंफोसिस और आईसीआईसीआई बैंक सबसे ज्यादा लाभ में रहे। वहीं, एसबीआई लाइफ, श्री राम फाइनेंस, अल्ट्राटेक सीमेंट, एचडीएफसी लाइफ और एसबीआई सबसे ज्यादा नुकसान में रहे। एशियाई बाजारों में शंघाई, हांगकांग के बाजार हरे निशान में कारोबार कर रहे थे। वहीं, जकार्ता, बैंकॉक और जापान के बाजार लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। पिछले कारोबारी दिन अमेरिकी शेयर बाजार लाल निशान में बंद हुआ था। बाजार विशेषज्ञों के अनुसार, जब बाजार मूल्यांकन ऊंचे स्तर पर होता है।

## भारत का आईसीटी बाजार 2028 तक 354.6 अरब डॉलर का होगा : रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** भारत का एंटरप्राइज इंफोर्मेशन एंड कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी (आईसीटी) बाजार 2028 तक 350 अरब डॉलर से अधिक का हो जाएगा। मंगलवार को आई एक नई रिपोर्ट के अनुसार, देश का आईसीटी बाजार 2023 में 161.3 अरब डॉलर से बढ़कर 2028 में 354.6 अरब डॉलर हो जाएगा, जो कि 17.1 प्रतिशत की मजबूत सीएजीआर से बढ़ेगा। लीडिंग डेटा और एनालिटिक्स कंपनी ग्लोबलडाटा का मानना है कि सरकार और व्यवसायों द्वारा शुरू की गई डिजिटल परिवर्तन पहलों के साथ भारत में आईसीटी बाजार को राजस्व के अवसर मिलेंगे। आने वाले वर्षों में आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर सेगमेंट में हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर और सर्विस को लेकर सबसे ज्यादा राजस्व वृद्धि देखे जाने की उम्मीद की जा रही है।



रिपोर्ट में कहा गया है कि आईटी सर्विस सेक्टर में राजस्व वृद्धि मुख्य रूप से क्लाउड कंप्यूटिंग सेवाओं को उद्यमों द्वारा अपनाए जाने से आएगी।

आईटी सर्विस सेक्टर के राजस्व में पूवार्नुमानित अवधि में 25.3 प्रतिशत की सीएजीआर की दर से वृद्धि होने की संभावना है। राजस्व योगदान के मामले में भारत में आईसीटी बाजार के लिए बीएफएसआई क्षेत्र सबसे बड़ा वर्टिकल सेगमेंट होगा। 2023-2028 के लिए पूवार्नुमानित कुल संचयी राजस्व में इस सेगमेंट की हिस्सेदारी 11.3 प्रतिशत रहने की उम्मीद है। ग्लोबलडाटा के प्रदीप सुरेश कुलकर्णी ने कहा कि हाइब्रिड वर्क मॉडल को निरंतर अपनाना, एसएमई और स्टार्टअप द्वारा कार्यभार को क्लाउड पर माइग्रेट करना और ह्यडिजिटल इंडिया जैसी सरकारी पहल देश में क्लाउड कंप्यूटिंग सेवाओं को बढ़ावा दे रही हैं। कुलकर्णी ने कहा, एडब्लयूएस और गूगल द्वारा स्थापित स्थानीय डेटा केंद्र भी भारत में उद्यमों को क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर में माइग्रेट करने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। ग्लोबलडाटा के सर्वे से पता चला है कि 87.9 प्रतिशत उत्तरदाताओं (जो अपने-अपने उद्यमों में प्रमुख आईसीटी निर्णय निमार्ता हैं) ने माना है कि पिछले वर्ष की तुलना में 2024 में उनके एंटरप्राइज आईसीटी बजट में वृद्धि हुई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि आने वाले वर्षों में भारत के आईसीटी बाजार में तेजी की उम्मीद है, जिसे कर प्रोत्साहन और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार जैसी सरकारी नीतियों का साथ मिलेगा।

## वित्त वर्ष 2025 में रियल जीडीपी 7.2 प्रतिशत बढ़ने की संभावना: आरबीआई गवर्नर



**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा है कि भारत विकास के पथ पर अग्रसर है। देश की खपत और निवेश मांग गति पकड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश में वित्त वर्ष 2024-25 के लिए रियल जीडीपी 7.2 प्रतिशत से बढ़ने की संभावना है। शक्तिकांत दास ने आरबीआई के मासिक बुलेटिन में कहा कि बेहतर कृषि परिदृश्य और ग्रामीण मांग के कारण निजी उपभोग को लेकर बेहतर संभावनाएं नजर आती हैं। सेवाओं में निरंतर उछाल से शहरी मांग को भी समर्थन मिलेगा। केंद्र और राज्यों के सरकारी व्यय में बजट अनुमानों के अनुरूप गति आने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, उपभोक्ता और कारोबारियों के आशावादी रहने, पूंजीगत व्यय पर सरकार के निरंतर जोर और बैंकों और कंपनियों की हेल्दी बैलेंस शीट से निवेश गतिविधि को लाभ मिलेगा।

## राशिफल

**मेष:** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष:** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन:** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क:** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह:** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या:** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला:** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

**धनु:** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर:** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ:** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

## चुटकुले

एक बार पति-पत्नी में जमकर लड़ाई हो गई।
गुस्से में पत्नी (पति से) बोली- अब हद हो गई।
मैं अपनी मां के घर जा रही हूं और कभी वापस नहीं आऊंगी।
पति- जाने से पहले एक खुशखबरी सुनती जाओ।
कल तुम्हारी मां भी अपने पति से लड़कर अपने मायके चली गई है।

---

पति- तुम्हारे पापा मानते क्यों नहीं? जले पर नमक छिड़कने की आदत गई नहीं अब तक उनकी।
पत्नी- अब क्या हो गया?
पति- आज फिर से पूछ रहे थे कि मेरी बेटी से शादी करके खुश तो हो न?

---

संता- आज मुझे एक मैसेज आया और उसके बाद मेरा मोबाइल बंद हो गया।
बंता- अरे!! ऐसा कौन सा मैसेज आया?
संता- बैटरी लो
बंता- मुझे फॉर्वर्ड कर दे, लोगों के मजे लेंगे।

## रोचक तथ्यों का करंट

- क्या आप जानते हैं? भारत में पहली मोशन पिक्चर 'द रेसलर्स' थी जिसे साल 1899 में एक चित्रकार फोटोग्राफर ने हरिश्चंद्र सखाराम भट्टावडेकर कहा था।
- आमिर खान की फिल्म 'लगान' में बॉलीवुड सिनेमा के इतिहास में एक भी फिल्म में कभी भी इतने ज्यादा ब्रिटिश अभिनेताओं द्वारा भूमिका नहीं निभाई गई थी।
- आपको जानकर आश्चर्य होगा कि, जब धर्मेंद्र पहली बार फिल्म उद्योग में शामिल हुए थे, तो उनका वेतन केवल 51 रुपये का मामूली योग था। साल 1936 में अभिनेता बनने से पहले अशोक कुमार बॉम्बे टॉकीज में एक प्रयोगशाला सहायक थे।
- वहीदा रहमान ने अमिताभ बच्चन की मां और प्रेमी दोनों का किरदार निभाया है। उन्होंने प्रेमिका का किरदार फिल्म 'अदालत' (1976) और मां का किरदार फिल्म 'त्रिशूल' (1978) में निभाया था।
- फिल्म स्लमडॉग मिलियनेयर में अनिल कपूर की भूमिका के लिए शाहरुख खान पहली पसंद थे।
- राज ठाकरे साल 2005 में अमिताभ बच्चन के साथ एक फिल्म बनाना चाहते थे।

## SPECIAL WISHES
दैनिक करंट क्राइम




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। मां शब्द ही एक बेटे के लिए उसका पूरा संसार है। मां प्रथम पाठशाला है संस्कार की भी और दुलार की भी। पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने अपनी दिवंगत माता निर्मला देवी की जन्मतिथि पर अश्रुपूरित नेत्रों से उन्हें याद किया। एक बेटे ने अपनी जन्मदात्री मां के जन्मदिवस पर उन्हें सच्ची श्रद्धा आस्था के साथ नमन किया।

दैनिक
करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए ।जी ।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

## 23 10 2024 करंट क्राइम

# आज के जन्मदिन

परिवार की ओर से आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

सेलेब्रिटी जन्मदिन



मलाईका अरोड़ा
अभिनेत्री



वामिका त्यागी, पलक, प्रयांशी चर्तुवेदी, डॉ लीला चौहान, अनीता, अजय बंसल, पकंज त्यागी

दीपक प्रजापति, अखिलेश प्रधान, अनुज त्यागी, जेलेश ओबेरॉय, दीपक यादव, मनोज कुमार, नितिन गुप्ता

पुष्पेन्द्र सिंह रावत, प्रदीप चौहान, राहुल सिंह, सुमित कुमार, समीर सैफी, ताहिर मिर्जा, शिहान पुष्पेन्द्र

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

# राष्ट्रमंडल खेलों से बाहर किए गए हॉकी और क्रिकेट, जानिए इस फैसले के पीछे की वजह

**नई दिल्ली।** राष्ट्रमंडल खेलों में भारत की पदक संभावनाओं को झटका देते हुए मेजबान ग्लासगो ने क्रिकेट और हॉकी जैसे प्रमुख खेलों को 2026 के संस्करण से बाहर कर दिया है। इस फैसले पर अब अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) ने प्रतिक्रिया दी है।



### महासंघ का बयान

महासंघ की तरफ से कहा गया, ग्लासगो खेलों में हॉकी को शामिल नहीं करने के सीजीएफ के फैसले से हम भी निराश हैं। 1998 के बाद से हर संस्करण मेंहॉकी इन खेलों का हिस्सा रहा है जिस पर हमें गर्व है। इस बयान में आगे कहा गया, सीजीएफ ने हालांकि एफआईएच से साफ तौर पर कहा है कि यह फैसला एक अपवाद है और इससे भविष्य में राष्ट्रमंडल खेलों में हॉकी की भागीदारी पर असर नहीं पड़ेगा।

संस्था ने दावा किया कि यह सब एक ऐसे मॉडल की बदौलत संभव होगा जिसे विशेष रूप से खेलों के आयोजन के लिए सार्वजनिक धन की आवश्यकता नहीं होने के लिए डिजाइन किया गया है। राष्ट्रमंडल खेल महासंघ की सीईओ केटी सैडलेयर ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा- 2026 के खेल कल के राष्ट्रमंडल खेलों के लिए एक पुल होंगे। भविष्य के लिए खेलों को वास्तव में सहयोगी, लचीले और टिकाऊ मॉडल के रूप में रीसेट और फिर से परिभाषित करने की हमारी यात्रा में एक रोमांचक पहला कदम जो लागत को कम करता है। यह पर्यावरणीय पदचिह्न को कम करता है और सामाजिक प्रभाव को बढ़ाता है।'

राष्ट्रमंडल खेलों के 23वें संस्करण की शुरूआत 2026 में 23 जुलाई से होगी और यह दो अगस्त तक चलेगा। 2014 में ग्लासगो में ही राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन हुआ था। 12 साल बाद मेजबान के रूप में ग्लासगो की वापसी कई परेशानियां लेकर आई हैं। राष्ट्रमंडल खेल महासंघ ने एक बयान में कहा- खेल कार्यक्रम में एथलेटिक्स और पैरा एथलेटिक्स (ट्रैक एंड फील्ड), तैराकी और पैरा तैराकी, कलात्मक जिमनास्टिक, ट्रैक साइक्लिंग और पैरा ट्रैक साइक्लिंग, नेटबॉल, भारोत्तोलन और पैरा पावरलिफ्टिंग, मुक्केबाजी, जूडो, बाउल्स और पैरा बाउल्स, और बास्केटबॉल और व्हीलचेयर बास्केटबॉल शामिल होंगे।

### 2022 में क्रिकेट को जोड़ा गया था

2022 में क्रिकेट की इन खेलों में दोबारा शुरूआत के बाद भारतीय महिला टीम ने रजत पदक जीता था। पैरा-एथलीट 2002 मैनचेस्टर संस्करण से खेलों का हिस्सा रहे हैं और 2026 संस्करण में भी बने रहेंगे। सीजीएफ ने कहा, 'पैरा खेल को एक बार फिर खेलों के लिए एक प्रमुख प्राथमिकता और अंतर के बिंदु के रूप में पूरी तरह से एकीकृत किया जाएगा, जिसमें छह पैरा खेलों को खेल कार्यक्रम में शामिल किया जाएगा।' सीजीएफ ने कहा कि खेलों से शहर में 100 मिलियन पाउंड से अधिक का निवेश आएगा और इस क्षेत्र के लिए 150 मिलियन पाउंड से अधिक का आर्थिक मूल्य जोड़ने में मदद मिलने की उम्मीद है।

### हॉकी को क्यों किया गया बाहर?

हॉकी को बाहर करने का कारण यह भी हो सकता है कि इन खेलों के समाप्त होने के दो सप्ताह बाद 15 से 30 अगस्त तक वावरे, बेल्जियम और एम्स्टेलवीन, नीदरलैंड में हॉकी विश्व कप का आयोजन किया जाएगा। पहले इन खेलों का आयोजन ऑस्ट्रेलिया के राज्य विक्टोरिया में होना था लेकिन बढ़ती लागत को देखते हुए वह मेजबानी से हट गया था। इसके बाद स्कॉटलैंड ने खेलों की मेजबानी करने के लिए हामी भरी थी।

# साक्षी मलिक के दावे पर बोलीं विनेश फोगाट

## अगर बहनों के लिए बोलना लालच है तो यह अच्छा है

**अगर बहनों के लिए बोलना लालच है, तो मुझे यह लालच है और यह अच्छा है। अगर यह लालच है। देश का प्रतिनिधित्व करके ओलंपिक पदक लाना, तो यह अच्छा लालच है...**



**नई दिल्ली।** ओलंपिक कांस्य पदक विजेता पूर्व पहलवान साक्षी मलिक ने बजरंग पूनिया और विधायक विनेश फोगाट के बारे में कहा था कि दोनों के करीबी लोगों ने उनके दिमाग में लालच भरना शुरू किया तो उनके विरोध प्रदर्शन में दरार आने लगी। इस पर कांग्रेस विधायक विनेश फोगाट ने कहा कि किस बात का लालच? ये साक्षी मलिक से पूछना चाहिए। अगर बहनों के लिए बोलना लालच है, तो मुझे यह लालच है और यह अच्छा है। अगर यह लालच है। देश का प्रतिनिधित्व करके ओलंपिक पदक लाना, तो यह अच्छा लालच है...

ओलंपिक कांस्य पदक विजेता पूर्व पहलवान साक्षी मलिक ने कहा कि पिछले साल विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया का एशियाई खेलों के ट्रायल्स से छूट लेने के फैसले से बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ उनके विरोध प्रदर्शन की छवि प्रभावित हुई क्योंकि इससे यह अभियान स्वार्थी दिखने लगा। साक्षी इस विरोध प्रदर्शन के तीन मुख्य पहलवानों में से एक थीं। उन्होंने हाल में रिलीज हुई अपनी किताब विटनेस में इसके अलावा अपने करियर के संघर्षों के बारे में भी लिखा है। उन्होंने इसमें बताया कि जब बजरंग और विनेश के करीबी लोगों ने उनके दिमाग में लालच भरना शुरू किया तो उनके विरोध प्रदर्शन में दरार आने लगी। इतना ही नहीं किताब में साक्षी ने अपने करियर के शुरूआती संघर्षों के अलावा पूर्व पहलवान और भाजपा नेता बबीता फोगाट पर अपने स्वार्थ के लिए विरोध प्रदर्शन का फायदा उठाने का आरोप भी लगाया।

# पुणे में स्पिन पिच की संभावना पर डेरिल मिचेल ने कहा

## न्यूजीलैंड को तेजी से सामंजस्य बैठाना होगा

**● मिचेल ने कहा, लेकिन हम जानते हैं कि बेंगलुरू में तेजी से रन बनते हैं। हम मैच में अच्छी स्थिति में थे।**



**नई दिल्ली।** ऑलराउंडर डेरिल मिचेल ने कहा है कि न्यूजीलैंड को बेंगलुरू टेस्ट में मिली जीत को पीछे छोड़कर बृहस्पतिवार से यहां शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट के दौरान संभावित रूप से स्पिन के अनुकूल हालात से तेजी से सामंजस्य बैठाना होगा। न्यूजीलैंड ने भारत को उसके मैदान पर 36 साल में पहली बार शिकस्त देते हुए तीन मैच की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बना ली है लेकिन विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में जगह बनाने का दावा मजबूत करने के लिए भारत के पुणे में स्पिन की अनुकूल पिच पर पलटवार करने की उम्मीद है।

मिचेल ने मंगलवार को यहां न्यूजीलैंड के ट्रेनिंग सत्र के बाद मीडिया से कहा, एक जीत जो हम नहीं कर सकते, वह यह है कि हम सतह को नहीं बदल सकते। इसलिए हमारे सामने जो है हमें उसे देखते हुए प्रतिक्रिया देनी होगी और तेजी से सामंजस्य बैठाना होगा। उन्होंने कहा, कीवी खिलाड़ी के तौर पर हमें इस पर गर्व है कि हम वर्तमान में जीते हैं, हम अपने पैर जमीन पर रखते हैं और जितना अधिक संभव को वर्तमान में रहने की कोशिश करते हैं। मिचेल ने कहा, हम विकेट नहीं बदल सकते। वह जैसी है वैसी रहेगी। लेकिन मुझे यकीन है कि रणनीति के साथ उतरेंगे और 20 विकेट चटकाने का तरीका ढूंढ लेंगे और उम्मीद करते हैं कि कुछ रन भी बनाएंगे। मिचेल ने कहा कि मेहमान टीम बेंगलुरू में मिली जीत से आगे बढ़ने की कोशिश करेगी। उन्होंने कहा, देखिए हमारे लिए अब यह एक अन्य टेस्ट मैच की तरह है। यह अतीत की बात है। बेशक वह टेस्ट मैच जीतकर मैं बेहद खुश हूं।

इस ऑलराउंडर ने कहा, लेकिन साथ ही यह अलग मैदान हैं, अलग सतह और हम पहली गेंद फेंके जाने के लिए तैयार हैं। मिचेल ने कहा कि न्यूजीलैंड की टीम पहले टेस्ट में भारतीय बल्लेबाजों सरफराज खान और ऋषभ पंत की आक्रामक बल्लेबाजी से परेशान नहीं है। उन्होंने कहा, ऋषभ एक विश्व स्तरीय खिलाड़ी हैं और मैं उनके क्रिकेट खेलने के तरीके का सम्मान करता हूं और यह एक शानदार साझेदारी थी।

मिचेल ने कहा, लेकिन हम जानते हैं कि बेंगलुरू में तेजी से रन बनते हैं। हम मैच में अच्छी स्थिति में थे। हम जानते थे कि हमें बस विकेट लेने की कोशिश करते रहना है। उन पर दबाव बनाने की कोशिश करते रहना है। मिचेल ने कहा कि भले ही दो टेस्ट मैचों के लिए मिट्टी की संरचना - पुणे में काली मिट्टी और मुंबई में लाल मिट्टी - की अहम भूमिका रहेगी लेकिन उन्हें उम्मीद है कि न्यूजीलैंड की टीम इसका हल निकलने में सफल रहेगी।

उन्होंने कहा, सभी देशों में खेलने की चुनौतियां अलग होती हैं। गॉल (श्रीलंका में) में यहां की तुलना में अलग तरह का स्पिन का अनुकूल विकेट था और यहां मुंबई में अगले टेस्ट में अलग तरह का विकेट होगा। न्यूजीलैंड क्रिकेट के लिए रविवार का दिन शानदार रहा जब बेंगलुरू में पुरुष टीम के टेस्ट मैच जीतने के घंटों बाद महिला टीम ने पहली बार टी20 विश्व कप खिताब जीता।

मिचेल ने कहा, बेशक मुझे लगता है कि न्यूजीलैंड के खेलों के लिए काफी अच्छा सप्ताहांत या हफ्ता रहा। लड़कियों को टी20 विश्व कप जीतते हुए देखना शानदार था और हम सभी टीवी पर देखते हुए उनकी हौसलाअफजाई कर रहे थे। हमारे लिए भी यहां भारत में टेस्ट मैच जीतना हमेशा खास होता है।

# मैग्नस कार्लसन फिर भारत में खेलेंगे, अगले महीने होने वाले इस टूनार्मेंट में प्रज्ञानंद भी लेंगे हिस्सा





**नई दिल्ली।** दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी ग्रैंडमास्टर मैग्नस कार्लसन 13 से 17 नवंबर तक यहां होने वाले टाटा स्टील शतरंज भारत के छठे सत्र में मुख्य आकर्षण होंगे। नॉर्वे के स्टार खिलाड़ी दूसरी बार टूनार्मेंट का हिस्सा बनेगा। उन्होंने इससे पहले 2019 में इसमें भाग लिया था और इसके विजेता बने थे। बुडापेस्ट में शतरंज ओलंपियाड में अच्छा प्रदर्शन करने वाले अर्जुन एरिगैसी, प्रगनानंदा और विदित गुजराती भी हिस्सा लेंगे। ओपन वर्ग में निहाल सरीन और एसएल नारायणन भी चुनौती को पेश करेंगे।

पिछले सत्र तरह टूनार्मेंट में ओपन और महिला वर्ग की श्रेणियों में रैपिड और ब्लिट्ज मुकाबलों के लिए समान पुरस्कार राशि होगी। इससे पहले कार्लसन ने 2019 में हिस्सा लिया था और विजेता भी बने थे। ग्रैंड मास्टर विश्वनाथन आनंद ने कहा, 'इस साल मैग्नस कार्लसन के नेतृत्व में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। यह साल भारतीय शतरंज के लिए उत्सव की तरह है। इस आयोजन से और बढ़ावा मिलेगा।'

# भारत की शीर्ष रिकर्व तीरंदाज दीपिका कुमारी ने जीता रजत पदक, धीरज ने किया निराश

**नई दिल्ली।** भारत की शीर्ष रिकर्व तीरंदाज दीपिका कुमारी ने पेरिस ओलंपिक की निराशा को पीछे छोड़ते हुए विश्व कप फाइनल में रजत पदक जीता। वह फाइनल में चीन की लि जियामैन से 0-6 से हार गईं। दिसंबर 2022 में अपनी बेटी के जन्म के बाद विश्व कप फाइनल में लौटी चार बार की ओलंपियन दीपिका को आठ तीरंदाजों में तीसरी वरीयता मिली थी।



सेमीफाइनल तक दीपिका को कोई दिक्कत नहीं हुई लेकिन स्वर्ण पदक के मुकाबले में वह पेरिस ओलंपिक में टीम स्पर्धा का रजत पदक जीतने वाली जियामैन से हार गईं। दीपिका नौवीं बार विश्व कप फाइनल खेल रही थीं। भारत के लिए विश्व कप फाइनल में सिर्फ डोला बनर्जी ने स्वर्ण पदक जीता था जब दुबई में 2007 में वह अव्वल रही थीं। सेमीफाइनल में मैक्सिको की अलेजांद्रा वालेंशिया के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करने वाली दीपिका उस लय को कायम नहीं रख सकीं। पहला सेट उसने एक अंक से (26-27) गंवाया। दूसरे सेट में वापसी की, लेकिन ली ने 30-28 से जीता। तीसरे सेट में ली ने 27-25 से जीत दर्ज की। पुरुषों के रिकर्व वर्ग में धीरज बोम्मादेवरा 4-2 से आगे रहने के बावजूद पहले दौर में पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता दक्षिण कोरिया के ली वू सियोक से हार गए। पुरुषों के रिकर्व वर्ग में धीरज अकेले भारतीय चुनौती पेश कर रहे थे। उन्हें 4-6 ( 28-28, 29-26, 28-28, 26-30, 28-29) से पराजय झेलनी पड़ी। पांच सदस्यीय भारतीय दल में तीन कंपाउंड और दो रिकर्व तीरंदाज थे। भारत की झोली में सिर्फ एक पदक आया।

### खेल मंत्री ने दीपिका को दी बधाई

विश्व कप में रजत पदक जीतने पर केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने दीपिका कुमारी को बधाई दी। मांडविया ने एक्स पर लिखा, दीपिका कुमारी को मैक्सिको में हुए विश्व कप फाइनल में रजत पदक और ओवरऑल छठा पदक जीतने पर बधाई।

# जेमिमा रोड्रिग्स के पिता पर लगा 'धर्मांतरण' का आरोप, खार जिमखाना की मेंबरशिप हुई रद्द

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की खिलाड़ी जेमिमा रोड्रिग्स के पिता पर धर्मांतरण का आरोप लगा है। रिपोर्ट्स के अनुसार उनके पिता ने मुंबई के खार जिमखाना क्लब के कुछ हिस्से को बुक किया और फिर उसमें कुछ लोगों का धर्म परिवर्तन कराया। इस वजह से जेमिमा रोड्रिग्स की सबसे पुराने क्लब में शामिल खार जिमखाना की मेंबरशिप रद्द कर दी गई। जेमिमा पर ये कार्रवाई तब की गई जब क्लब के सदस्यों ने जेमिमा के पिता इवान द्वारा परिसर का इस्तेमाल धार्मिक गतिविधियों के लिए करने पर आपत्ति जताई। रिपोर्ट में बताया गया है कि क्लब के सदस्यों ने ये भी आरोप लगाया है कि ये कार्यक्रम कमजोर लोगों का धर्मांतरण करने लिए आयोजित किया गया था। जेमिमा की सदस्यता रद्द करने का फैसला रविवार 20 अक्टूबर को मुंबई में हुई वार्षिक आम बैठक में लिया गया। क्रिकेटर और उनके पिता ने अभी तक इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। खार जिमखाना के अध्यक्ष विवेक देवनानी ने इसकी पुष्टि की। उन्होंने द इंडियन एक्सप्रेस से बात करते हुए कहा कि, 20 अक्टूबर 2024 को आयोजित आम बैठक में उपस्थित सदस्यों द्वारा पारित प्रस्ताव के अनुसार जेमिमा रोड्रिग्स को दी गई मानद तीन साल की सदस्यता रद्द कर दी गई।





इसके अलावा इस रिपोर्ट में खार जिमखाना मैनेजमेंट समिति के सदस्य शिव मल्होत्रा के हवाले से कहा गया है कि इवान ब्रदर मैनुअल मिनिस्ट्रीज नामक संगठन से जुड़े थे और उन्होंने प्रेसीडेंशियल हॉल में 35 कार्यक्रम आयोजित किए थे। उन्होंने कहा कि, हमें पता चला कि जेमिमा रोड्रिग्स के पिता ब्रदर मैनुअल मिनिस्ट्रीज नामक संगठन से जुड़े थे। उन्होंने लगभग डेढ़ साल के लिए प्रेसीडेंशियल हॉल को बुक किया और इसमें 35 कार्यक्रम आयोजित किए। हम सभी जानते हैं कि वहां क्या हो रहा था।

# दो नहीं तीन साल के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के चेयरमैन बन सकते हैं जय शाह

**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) बोर्ड ने अपने चेयरमैन और स्वतंत्र निदेशक का कार्यकाल दो साल के बजाय तीन साल करने की सिफारिश की है। आईसीसी के सदस्य देश अगर इन सिफारिश को मंजूर कर लेते हैं तो इसका मतलब होगा कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह तीन साल के लिए विश्व क्रिकेट की सर्वोच्च संस्था के चेयरमैन बनेंगे। शाह इस साल एक दिसंबर को आईसीसी के सर्वोच्च पद का कार्यभार संभालेंगे। आईसीसी बोर्ड की मंजूरी मिलने के बाद वह अपने दूसरे कार्यकाल में अगले तीन साल के लिए भी इस पद पर आसीन हो सकते हैं।




शाह के पहले कार्यकाल का बड़ा हिस्सा बीसीसीआई में उनके अगले साल सितंबर में शुरू होने वाले तीन साल के कूलिंग ऑफ पीरियड के साथ चलेगा। आईसीसी बोर्ड की बैठक के दौरान महिला क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए भी कुछ फैसले किए गए। वैश्विक संस्था ने महिला एसोसिएट सदस्य टी20 प्रतियोगिताओं की एक श्रृंखला को भी मंजूरी दी।

आईसीसी ने बयान में कहा, हमारी योजना 2025 और 2028 के बीच दो वार्षिक टी20 अंतरराष्ट्रीय टूनार्मेंट की शुरूआत करना है जिससे कि आईसीसी महिला टी20 विश्व कप में टीमों की संख्या बढ़ाई जा सके। आईसीसी बोर्ड ने 2025 से लेकर 2029 तक महिलाओं के भविष्य के दौरा कार्यक्रम (एफटीपी) को भी मंजूरी दी जिसे जल्द ही प्रकाशित किया जाएगा। बयान के अनुसार, आईसीसी मुख्य कार्यकारी समिति (सीईसी) ने इसे भी मंजूरी दे दी है कि महिलाओं की रैंकिंग का वार्षिक अपडेट अब प्रत्येक वर्ष एक अक्टूबर से एक मई तक चलेगा और टीमों को अब कम से कम आठ मैच खेलने होंगे जो महिला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

# बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले कप्तान पैट कमिंस का बयान,

## कहा- 'हम अपनी गलतियों में सुधार करेंगे'

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने कहा कि भारत के खिलाफ आगामी बॉर्डर गावस्कर सीरीज में उनकी टीम अपनी गलतियों में सुधार करेगी जिससे एक दशक बाद ट्रॉफी अपने नाम कर सके। दोनों टीमें 22 नवंबर से पर्थ में शुरू हो रही पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला खेलेगी। भारत ने आस्ट्रेलिया में पिछली दो श्रृंखला जीती हैं।



कमिंस ने स्टार स्पोटर्स प्रेस रूम में कहा, हमने एक ब्रेक लिया था और अब पांच मैचों की श्रृंखला को लेकर मैं काफी उत्साहित हूं। उन्होंने कहा, भारत के खिलाफ पिछली कुछ टेस्ट श्रृंखलाओं में किस्मत ने साथ नहीं दिया लेकिन हमें आस्ट्रेलिया में खेलने पर हमेशा गर्व होता है। भारत ने 2020-21 में बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी जीती थी जब ऋषभ पंत ने दूसरी पारी में नाबाद 89 रन बनाये और भारत ने गाबा पर 328 रन के लक्ष्य का पीछा करके जीत दर्ज की थी। इसी श्रृंखला में भारतीय टीम पहले टेस्ट में 36 रन पर आउट हो गई थी।

कमिंस ने कहा, पिछली दो श्रृंखलायें काफी पहले खेली गई और हमें उसे भुलाना होगा। आस्ट्रेलिया के लिये खेलते समय अपेक्षायें काफी होती है। प्रशंसकों की भी और मीडिया की भी। पिछली श्रृंखला काफी कठिन थी और गाबा पर आखिरी सत्र में फैसला हुआ। हम जीत नहीं सके लेकिन हम इस बार गलतियों में सुधार करेंगे। उन्होंने पंत को भारत को एक्स फैक्टर कहा लेकिन कहा कि उनकी टीम का फोकस अपनी गलतियों में सुधार करने पर है।

# 10 साल बाद दिल्ली में हॉकी मैच, भारतीय टीम के इरादे विश्व चैंपियन जर्मनी से बदला लेने का बेहतरीन मौका

**नई दिल्ली।** मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम पर दस साल बाद अंतरराष्ट्रीय हॉकी की वापसी होगी और विश्व चैम्पियन जर्मनी के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के पहले मैच में बुधवार को ओलंपिक कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम ओलंपिक सेमीफाइनल में मिली हार का बदला चुकता करने के इरादे से उतरेगी। दिल्ली में 2013 से अंतरराष्ट्रीय हॉकी मैच नहीं खेला गया है। आखिरी बार 2014 में हीरो विश्व लीग फाइनल यहां हुआ था हालांकि यदा कदा अंतर विभागीय मैच होते रहते हैं।हाल ही में महिला अंतर विभागीय राष्ट्रीय चैम्पियनशिप भी खेली गई। दुनिया की दूसरे नंबर की टीम और पेरिस ओलंपिक रजत पदक विजेता जर्मनी के खिलाफ दोनों मुकाबले इस मैदान पर हॉकी की वापसी को यादगार बनाने का दम रखते हैं।



सूत्रों के अनुसार एक निजी टिकट पोर्टल पर 12000 से अधिक प्रशंसकों ने मुफ्त टिकट के लिये रजिस्ट्रेशन करा लिया है। नेशनल स्टेडियम की क्षमता 16400 दर्शकों की है। तोक्यो और पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने के बाद भारतीय टीम आत्मविश्वास से ओतप्रोत है। पेरिस में हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी वाली भारतीय टीम सेमीफाइनल में करीबी मुकाबले में जर्मनी से 2-3 से हार गई थी। हरमनप्रीत सिंह ने टेस्ट श्रृंखला की घोषणा के बाद कहा था ,यह श्रृंखला दो टीमों के बीच मुकाबला ही नहीं है बल्कि दिल्ली में हॉकी की वापसी भी है। हमें उम्मीद है कि इससे ज्यादा से ज्यादा युवा हॉकी के प्रति आकर्षित होंगे। मौजूदा विश्व चैम्पियन जर्मनी को हराना आसान नहीं है जिसने नीदरलैंड के खिलाफ पेरिस ओलंपिक स्वर्ण पदक का मुकाबला शूटआउट तक खींचा था। रैंकिंग में जर्मनी दूसरे और भारत पांचवें स्थान पर है लेकिन आधुनिक हॉकी में शीर्ष पांच टीमें कभी भी एक दूसरे को हराने का माद्दा रखती हैं। दोनों टीमों के बीच पिछले पांच में से तीन मुकाबले भारत ने जीते हैं। पेरिस ओलंपिक के बाद सितंबर में भारत ने मेजबान चीन को 1-0 से हराकर पांचवीं बार एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी जीती। भारत के पास युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण है चूंकि कोच क्रेग फुल्टोन की नजरें लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 पर है। डिफेंडर और ड्रैग फ्लिकर वरूण कुमार टीम में लौटे हैं जो एक जूनियर वॉलीबॉल खिलाड़ी के यौन उत्पीड़न के आरोपों के कारण बाहर थे। उन्हें क्लीन चिट मिल चुकी है। भारत को मिडफील्ड में हार्दिक सिंह की कमी खलेगी जो पेरिस ओलंपिक में लगी चोट से उबर नहीं सके हैं। फुल्टोन ने मिडफील्डर राजिंदर सिंह और स्ट्राइकर आदित्य अर्जुन लालगे को पदार्पण का मौका दिया है। मिडफील्ड की कमान अनुभवी मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद और ललित उपाध्याय संभालेंगे। फॉरवर्ड पंक्ति में मनदीप सिंह, सुखजीत सिंह, अभिषेक और दिलप्रीत सिंह हैं। पी आर श्रीजेश के संन्यास के बाद कृशन बहादुर पाठक और सूरज करकेरा गोलकीपिंग का जिम्मा संभाल रहे हैं।

# मोहम्मद शमी ने किया खुलासा कहा- चोट से उबरने की प्रेरणा ऋषभ पंत से मिली



**नई दिल्ली।** हाल ही में टीम इंडिया के अनुभवी गेंदबाज मोहम्मद शमी ने अपनी फिटनेस को लेकर अपडेट दिया। इस दौरान उन्होंने बताया कि वो बिल्कुल ठीक हैं और नवंबर में होने वाली ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में खेलने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। वहीं अब शमी ने बताया कि उन्हें चोट से उबरने के लिए टीम इंडिया के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत से प्रेरणा ली। बता दें कि, पंत का दिसंबर 2022 में भयानक कार एक्सीडेंट हुआ था। 27 वर्षीय विकेटकीपर को करीब डेढ़ साल तक क्रिकेट से दूर रहना पड़ा था। वहीं शमी ने गुरुग्राम में एक इवेंट के दौरान कहा कि, मैंने नेशनल क्रिकेट एकेडमी में ऋषभ पंत के साथ समय बिताया था। ऋषभ इंजरी के बाद एनसीए में रिहैब कर रहे थे। मैंने उनकी तस्वीरें देखी हैं, जो बहुत डरावनी थीं। मैंने उन्हें कभी दुखी नहीं देखा, जिससे मुझे सबसे ज्यादा प्रेरणा मिली। उनके सभी लिगामेंट टूट गए थे लेकिन उन्होंने चेहरे पर हंसी के साथ अपना रिहैब जारी रखा। ये मेरे लिए भी बहुत बड़ी सीख थी। उनके पॉजिटिव एटीट्यूड ने मुझे धैर्य की अहमियत सिखाई। फिलहाल, शमी के टखने की चोट के कारण वनडे वर्ल्ड कप 2023 के बाद से बाहर हैं। उन्होंने फरवरी 2024 में सर्जरी कराई थी। 34 वर्षीय शमी फिटनेस हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह पहले आधे रन-अप से गेंदबाजी कर रहा था क्योंकि ज्यादा दबाव नहीं लेना चाहता थे। लेकिन अब पूरे रन-अप से गेंदबाजी शुरू कर दी है। शमी ने कहा कि, मुझे अब कोई दर्द नहीं है। हर कोई लंबे समय से सोच रहा है कि मैं ऑस्ट्रेलिया सीरीज के लिए जा पाउंगा या नहीं लेकिन अभी इसमें थोड़ा समय है।

# एचआरआईटी विश्वविद्यालय में विशेष व्याख्यान का आयोजन






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एचआरआईटी विश्वविद्यालय के जीव विज्ञान विभाग द्वारा राष्ट्रीय नट दिवस के अवसर पर मंगलवार को एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसका विषय था 'फूलों और सकारात्मक भावनाओं के पर्यावरणीय दृष्टिकोण'। इस महत्वपूर्ण व्याख्यान का संचालन प्रो. (डॉ.) मनोज नजीर, एसोसिएट डायरेक्टर, रुद्राक्ष प्रोजेक्ट, धर्मशाला, हिमाचल प्रदेश द्वारा किया गया। उन्होंने फूलों के माध्यम से सकारात्मक भावनाओं के विकास और पर्यावरण के संरक्षण के संबंध में अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम का उद्घाटन कुलाधिपति डॉ. अनिल अग्रवाल ने किया, जबकि प्रो-चांसलर डॉ. अंजुल अग्रवाल, प्रबंध निदेशक डॉ. वैशाली अग्रवाल, प्रो-वाइस चांसलर डॉ. एन.के. शर्मा, निदेशक जनरल डॉ. वी.के. जैन और कुलपति डॉ. डी.के. शर्मा ने भी कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और इस अवसर पर अपने प्रेरणादायक विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रो. एकलव्य, रंजना शर्मा, अंजू रानी, डॉ. पूजा अरोरा, अतुल भूषण और डॉ. शबनम जैदी ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनकी सक्रिय भागीदारी और समर्थन ने इस कार्यक्रम को प्रभावशाली और सफल बनाया। छात्रों और शिक्षकों ने इस व्याख्यान में विशेष रुचि दिखाई और प्रो. नजीर के विचारों से प्रेरित होकर फूलों और प्रकृति के माध्यम से सकारात्मक भावनाओं को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

# फल विक्रेता की गोली मारकर हत्या करने वाला अरेस्ट

## गाजियाबाद पुलिस ने पकड़ा, आरोपी बोला- ब्याज के पैसे न देने पर हुई थी कहासुनी

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद के थाना लोनी बॉर्डर क्षेत्र में 20 तारीख की रात को एक फल विक्रेता को गोली मार दी गई थी। जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई थी। इस मामले में सीसीटीवी कैमरे और मैनुअल इनपुट के जरिए पुलिस ने गोली मारने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। ब्याज का पैसा न देने पर आरोपी ने उसकी हत्या कर दी थी।

### अस्पताल में हो गई थी मौत

गाजियाबाद में एसीपी अंकुर विहार भास्कर वर्मा ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि थाना लोनी बॉर्डर क्षेत्र के गुलजार अल्वी ऑफिस के सामने एक शख्स को गोली मार दी गई है। पुलिस ने आनन-फानन में घायल को थाने अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। पुलिस ने इस मामले में सीसीटीवी और मैनुअल इनपुट की मदद से गोली मारकर हत्या करने वाले गजेंद्र उर्फ गज्जू निवासी आर्य नगर नेपुरा थाना लोनी बॉर्डर को गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में गजेंद्र उर्फ गज्जू ने बताया कि वह और उसका भाई अजय उर्फ बबलू ब्याज पर रुपए देने का काम करते हैं।



### ब्याज के पैसे को लेकर हुई थी कहासुनी

उन्होंने अपने ही मोहल्ले में रहने वाले फल विक्रेता मुशर्रफ को करीब 1 साल पहले 40 हजार रुपए 5 प्रतिशत महीने के ब्याज पर दिए थे। जिसमें हर महीने उन्हें 2000 रुपए मुशर्रफ देता था। मुशर्रफ ने पिछले महीने का ब्याज 2000 नहीं दिया था। उसी को लेकर उस रात गजेंद्र और मुशर्रफ के बीच कहासुनी हो गई। इसके बाद गजेंद्र घर गया और घर से गजेंद्र और अजय दोनों आए। गजेंद्र ने गोली मारकर मुशर्रफ की हत्या कर दी। गजेंद्र को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वहीं अजय की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है।




### जो गये थे हरियाणा उन्होने बंद कर दिया है कहीं आना जाना

गाजियाबाद वाले भाजपाईयों की खूबी मानो या उनकी सियासी हॉबी मानो पर वो आऊटडोर चुनाव लड़ाने के लिये पृथ्वी के किसी छोर तक जा सकते हैं। नदियापार वाले सरदार ने तो लखनऊ में कतई कमाल ही काट दिया था। चुनाव प्रचार तो करा सो करा उन्होने तो लखनऊ में वोट भी डाल दिया था। फेसबुक पोस्ट पर बाकायदा अगुंली का निशान भी दिखाया और एक मतदान केन्द्र के बाहर खड़े होकर वोट डालने का एलान करते हुये फोटो भी खिंचाया। आसाम से लेकर गुजरात तक गाजियाबाद वाले फ्लॉवर चुनाव प्रचार कर चुके हैं। हरियाणा में चुनाव था तो उधर भी गाजियाबाद वाले प्रचार में थे। सुना है यहां रिश्तेदारी टवीस्ट था तभी तो फूल वाले गाजियाबादी यहां हाथ वालों के लिये वोट मांग रहे थे। जब फूल खिल गया था तो इधर वाले भी उधर हो गये और कह दिया कि हम तो गये भी फूल के लिये थे। बहरहाल अब वो लौट आये हैं और मौहल्ले वाले बता रहे हैं कि लौट कर उन्होने वहां के चुनाव के कोई किस्से नही सुनाये हैं।

### वो हैं मेंबर ऑफ भगवा फैमिली मगर उनके घर की भी वोट ना मिली

फूल वालों के कुनबा एक्सटेंशन प्रोग्राम ने सही में टेंशन ही फूल वालों को दी है। पहले वाले सगंठन शिल्पी के टाइम पर मिस्डकॉल स्कीम में सीएलसी ठेकेदार पवन पांडेय जैसे तो इसी शहर से सक्रिय सदस्य बन गये थे और तीन मंत्रालयों को संभालने वाले बालेश्वर त्यागी भाजपा के सक्रिय सदस्यों की लिस्ट से भी आऊट थे। इस बार भी अभियान है और फूल वाले व्हाट इज योर मोबाईल नबंर, करूं क्या डायॅल नबंर पूछते फिर रहे हैं। किसी ने रामलीला के भूमि पूजन में बैठकर मेंबर बना दिये तो किसी ने बाजार में दुकानो पर आकर भगवा कुनबा बढ़ाया और दुकानदारों को भाजपा का मेंबर बनाया। सुना है कि मंडी में भी भाजपाई बने और रामलीला मैदान में भी भाजपाई बने। कहने वाले ने ही कहा कि मिंया आप बना लो इन्हे मेंबर ऑफ भगवा फैमिली लेकिन बूथ बता रहे हैं कि यहां तो भाजपा को इनकी फैमिली तक की भी वोट ना मिली। ऐसे कुनबा बढ़ाने से क्या फायदा जब पूरे मौहल्ले में फैला पड़ा हो सियासी आस्था का रायता।

### कौन व्यापारी नेता ले रहा है निगम की दुकानों के नाम पर टोकन मनी

अभी 12 बीघे में दाना नही हैं लेकिन मंडी के आढ़ती आने लगे हैं। अभी गांव बसा नही हैं लेकिन डेरा डालने वाले डेरा डाल चुके हैं। जिन दुकानों के नाम पर निगम की बैठक में चर्चा तक नही हुया, सुना है उन दुकानों को अपना बनाने का सपना दिखा कर कोई खर्चा भी ले रहा है। रूल कह रहा है कि दुकाने निगम की ही रहेगी मगर फूल वाला व्यापारी नेता ड्रीम दिखा रहा है कि बात हो गई है और दुकाने अब दुकानदार की ही हो जायेगीं। सुना है उस भगवा व्यापारी नेता ने कई दुकानदारों से टोकन मनी ले भी ली हैं दुकानदार भी चतुर सुजान बन रहे हैं। वो निगम में शिकायत भी नही करना चाहते और ये भी चाहते हैं कि पता तो चले कि दुकान के कागजात हमारे नाम होगें भी या नही।

# पुलिस ने मुठभेड़ में बदमाश को पकड़ा

## एटीएम तोड़ने का किया था प्रयास, पैर में लगी गोली





**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर थाना क्षेत्र में एटीएम तोड़ने का प्रयास करने वाले बदमाश से पुलिस की मुठभेड़ हो गई। पुलिस मुठभेड़ के दौरान बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। घायल बदमाश के कब्जे से एक मोटरसाइकिल, तमंचा और कारतूस बरामद हुए हैं।

थाना सूरजपुर पुलिस मैट्रो डिपो गोलचक्कर पर चेकिंग कर रही थी। मुखिबर की सूचना पर पुलिस यहां पहुंची थी। इसी बीच एक बाइक सवार को पुलिस ने रुकने का इशारा किया। इस पर बाइक सवार ने पुलिस पर फायर कर दिया और भागने लगा। जिसमें पुलिस बाल-बाल बच गई। पुलिस ने पीछा कर उस पर जवाबी फायरिंग की।

### पुलिस की गोली से घायल हुआ बदमाश

पुलिस की गोली लगने से बाइक सवार घायल हो गया। गोली पैर में लगी। घायल की पहचान सुनील निवासी ग्राम कठहरा थाना दादरी गौतम बुद्ध नगर के रूप में हुई। जिसके कब्जे से एक मोटर साईकिल पल्सर एवं एक तमंचा, दो जिंदा कारतूस 01 खोखा कारतूस बरामद हुआ है। डीसीपी सेंट्रल नोएडा शक्ति अवस्थी ने बताया कि आरोपी के द्वारा 20/21 अक्टूबर 2024 की रात में देवला में एक्सिस बैंक और लऊआ्रछ बैंक के एटीएम तोड़ने का प्रयास किया गया है। जिसके विषय में थाना सूरजपुर पर शिकायत मिलने पर मुकदमा दर्ज किया गया।

### सीसीटीवी से हुई पहचान

सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान की कोशिश की गई। वहीं पकड़े गए आरोपी पर थाना ईकोटेक थर्ड में भी एक लूट का मुकदमा है। फिलहाल मुठभेड़ में घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।

# हिंदू धर्म पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाला अरेस्ट, पुलिस ने मुस्लिम युवक पर लिखा मुकदमा

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद के थाना शालीमार गार्डन क्षेत्र में रहने वाले एक विशेष समुदाय के युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक हिंदू संप्रदाय की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के लिए इसने सोशल मीडिया पर टिप्पणी की थी। पुलिस की तरफ से युवक के खिलाफ मुकदमा लिखा गया और गिरफ्तार करके इसको जेल भेजा गया है।

गाजियाबाद में एसीपी शालीमार गार्डन सलोनी अग्रवाल ने बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी मिली की सरताज खान नामक युवक जो थाना क्षेत्र के पप्पू कॉलोनी में रहता है। उसने सोशल मीडिया के जरिए हिंदू धर्म की धार्मिक भावनाओं आहत हो ऐसी सोशल मीडिया पर टिप्पणी की थी। सरताज खान के खिलाफ थाना शालीमार गार्डन में मुकदमा लिखा गया है और उसको जेल भेजा गया है।



# निर्मम हत्या करने वाले को मिले फांसी, करणी सेना ने सीएम योगी को लिखा पत्र



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जनपद बहराइच में 13 अक्टूबर 2024 को रामगोपाल मिश्रा की हत्या में शामिल साजिशकर्ताओं द्वारा निर्मम हत्या कर दी गई। हत्या का ढंग बहुत ही क्रूरतापूर्ण, जिसमें सर्व हिंदू समाज में असंतोष व्याप्त है। भारत जैसे देश में ऐसे जिहादियों व आतंकवादियों द्वारा दिन प्रतिदिन कोई ना कोई कृत्य बेधड़क किया जा रहे हैं, जो समाज के लिए अत्यंत घातक साबित होता जा रहा है। करणी सेना गाजियाबाद ऐसे उग्र आतंकवादियों के विरुद्ध कठोर से कठोर कार्रवाई तथा फांसी की मांग करती है। यदि इन आतंकवादियों के विरुद्ध कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की गई तो पूरे देश में करनी सेना विरोध प्रदर्शन का उग्र आंदोलन करेगी।

# यूपीआरएनएन के पूर्व अधिकारी पर विजिलेंस की रेड

## आय से अधिक संपत्ति का है मामला



**नोएडा।** नोएडा में आय से अधिक संपत्ति के मामले में उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण निगम के तत्कालीन अपर परियोजना प्रबंधक राजवीर सिंह के यहां विजिलेंस विभाग ने छापा मारकर दस्तावेज बरामद किए। ये पूरा मामला 2019 का है। विजिलेंस विभाग ने आय से अधिक संपत्ति के मामले में राजवीर सिंह पर मुकदमा दर्ज किया है। विभाग ने पाया कि इनके ऊपर आए से अधिक संपत्ति है। अपने पद पर रहते हुए राजवीर सिंह ने 1,78,27,143 रुपए अर्जित की। जबकि इनके भरण पोषण में इन्होंने 2,67,32,462 रुपए खर्च किए। जांच में सामने आया कि इन्होंने अपनी

### 2019 में कमाए थे 89 लाख

आए का 89,05,319 लाख रुपए अधिक खर्च किए। पूछताछ में ये तथ्य सामने नहीं आया कि ये पैसा कहां से आया। इस क्रम में विजिलेंस टीम ने नोएडा में इनके आवास पर रेड की ओर दस्तावेज जब्त किए।

बता दे नोएडा और लखनऊ में बने स्मारकों की निर्माण में ही इनका नाम आया था। विजिलेंस की टीम इसी मामले की जांच की रही है। ऐसे में अन्य अधिकारी भी जांच के दायरे में आ सकते है।

# 15 नवंबर से जेवर एयरपोर्ट से विमान लगातार भरेंगे उड़ान

**नोएडा।** जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर फ्लाइट कैलिब्रेशन का प्रथम चरण का कार्य पूरा हो चुका है। 15 अक्टूबर से लेकर 18 अक्टूबर तक इसकी टेस्टिंग की गई थी। इस दौरान कैलिब्रेशन फ्लाइट यहां पर लैंड कराई गई और इस दौरान रनवे व लैंडिंग सिस्टम की जांच की गई, जो सफल रही। इसकी रिपोर्ट को डीजीसीए को भेज दिया गया है। अब दूसरे चरण में 15 नवंबर से 15 दिसंबर तक यहां पर लगातार विमान उड़ान भरेंगे और उनका ट्रायल किया जाएगा।


### पहला ट्रायल सही पाया गया, डाटा डीजीसीए को सबमिट

यमुना प्राधिकरण के सीईओ अरुणवीर सिंह ने बताया कि 1 अक्टूबर को यमुना प्राधिकरण में जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट को लेकर फ्लाइट शेड्यूलिंग की बैठक हुई थी। जिसमें एयरपोर्ट अथॉरिटी से जुड़े हुए अधिकारी वन्य एजेंसी और डीजीसीए के लोग भी शामिल हुए थे। इस दौरान तय हुआ कि फ्लाइट शेड्यूलिंग कर दिया जाए। इसके बाद 15 अक्टूबर से लेकर 18 अक्टूबर तक कैलिब्रेशन कराया गया। इस दौरान लगातार चार-पांच दिन कैलिब्रेशन फ्लाइट आई और लैंडिंग सिस्टम रनवे की जांच हुई। यह ट्रायल सही पाया गया। इसका पूरा डाटा डीजीसीए को सबमिट कर दिया गया।

### दूसरे चरण में 15 नवंबर से होगा ट्रायल

इसके बाद इसका अप्रूवल प्राप्त हो गया। यानी कुल मिलाकर कैलिब्रेशन सक्सेस फुल रहा और पहला चरण इसका पूरा हो गया। उन्होंने बताया कि अब दूसरे चरण में 15 नवंबर से लेकर 15 दिसंबर तक यहां पर विमान ट्रायल करेंगे। इस दौरान अकासा एयरलाइंस, इंडिगो व एयर इंडिया के विमान उड़ाने भरेंगे।

इसके अलावा वह एयरलाइंस जिनसे एग्रीमेंट हुए हैं, वह सब यहां पर रोजाना लगातार उड़ान भरेंगे। इस दौरान एयरपोर्ट अथॉरिटी के छोटे विमान भी यहां पर उड़ान भरेंगे। लगातार एक माह तक इनके द्वारा उड़ान भरने और लैंडिंग की यह प्रक्रिया चलेगी। उसके बाद अंत में एक विमान सभी क्रू मेंबर के साथ उड़ान भरेगा और लैंडिंग करेगा।




### पहले ही दिन तीन अंतरराष्ट्रीय उड़ानें यहां से भरेंगी उड़ान

उसके बाद पूरे 1 महीने का डाटा इकट्ठा करके डीजीसीए की वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा। उसके बाद डीजीसीए से एयरड्रोम का लाइसेंस मांगा जाता है, यानी कि एयरपोर्ट का लाइसेंस मांगा जाता है। जो 20 दिसंबर को एयरपोर्ट के लाइसेंस के लिए अप्लाई कर देंगे। उसके बाद करीब 3 महीने में यह लाइसेंस आ जाएगा। अरुणवीर सिंह ने बताया कि अधिकतम 20 मार्च तक यह लाइसेंस आ जाएगा। उसके बाद यह एयरपोर्ट फंक्शनल हो जाएगा और पहले ही दिन तीन अंतरराष्ट्रीय उड़ानें यहां से उड़ान भरेंगी। उन्होंने बताया कि 25 डोमेस्टिक उड़ान भी पहले दिन उड़ेंगी और उसी दिन कार्गो की फ्लाइट भी उड़ान भरेगी।




# कमिश्नरेट में रहेगी डबल टेंशन

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में अगले कुछ दिनों तक डबल टेंशन वाला सीन रहने वाला है। एक तरफ चुनावी टेंशन शुरू हो गई है, तो इसी बीच त्यौहारों का लंबा सीजन है। वहीं त्यौहारी सीजन और चुनाव के चलते छुट्टी पर कटौती हो गई है। तो वहीं पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम के बाद पुलिसकर्मियों की मॉनिटरिंग डबल हो गई है। इन सबके बीच पुलिस कमिश्नरेट वाले तीनों जोन के साहब लोग आने वाले दिनों की प्लानिंग में जुटे हुए हैं। कोई बदमाशों का पता लगाने में जुटा हुआ है। तो कोई शराब तस्कर और चुनाव प्रभावित करने वालों की जानकारी जुटा रहा है। इन सबके बीच पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में पटाखों को लेकर भी ऑपरेशन शुरू हो गया है। तीनों जोन में कार्रवाई शुरू हो गई है। उधर पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद को लेकर आने वाले तीन दिनों के भीतर एक एसीपी स्तर के अधिकारी से संबंधित कोई सूचना आ सकती है। वैसे अगर सब कुछ ठीक रहा तो मामला ऑल राइट बना रहेगा वरना नया नाम बोर्ड पर लिखा जा सकता है। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि पुलिस के अधिकारी चुनावी सीजन और त्यौहारी माहौल को भांपने में लगे हुए हैं। उधर गाजियाबाद के हालातों पर नजर रखने के साथ ही अन्य गतिविधियों पर भी ध्यान देने का काम कर रहे हैं। वैसे भी तीनों जोन में दो जून के साहब ऐसे हैं जो गाजियाबाद में पहला चुनाव कराएंगे। वैसे हलचल और टेंशन मोड सिटी में ज्यादा है। उधर कमिश्नरेट वाले कह रहे हैं कि एक एसीपी साहब ने पूरे चुनाव वाली प्रक्रिया को बखूबी संभाल रखा है। तो वहीं जिस तरीके से इस बार चुनाव के नोडल प्रभारी का चयन किया गया है, उसको लेकर भी चर्चा कमिश्नरेट में हो रही है। यूपी चुनाव के नोडल प्रभारी यातायात वाले बनाए गए है, जो त्यौहारी सीजन में उनके ऊपर भी दोहरी जिम्मेदारी रहेगी। ट्रैफिक लोड के साथ इलेक्शन की टेंशन भी कम नहीं रहती है। देखना होगा पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में आने वाले दिनों में क्या सीन बनता है और सीन के बीच से क्या-क्या सस्पेंस खत्म होता है। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि अभी तक पूरा मामला मीटिंग और व्हाट्सएप से ही मॉनिटर किया जा रहा है। हालांकि जिन अधिकारियों को ऑन ग्राउंड निकल कर काम करना है वह जुट चुके हैं। देखना होगा कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में विधानसभा उपचुनाव कैसे पूरा होता है और क्या कुछ बड़ा मामला तो नहीं उठता है।



# एफएमडी टीकाकरण के 5 वें चरण का शुभारंभ

## 3.13 लाख पशुओं को लगेगा टीका, 273 ग्राम पंचायत में चलेगा अभियान

**हापुड़ (करंट क्राइम)।** हापुड़ में पशुपालन विभाग द्वारा राष्ट्रीय पशुरोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत खुरपका-मुंहपका (ऋद्बऊ) टीकाकरण के पांचवें चरण का जिले में शुभारंभ हो गया है। अभियान के अंतर्गत जिले की 273 ग्राम पंचायतों में 3.13 लाख गोवंशों और महिषवंशों का टीकाकरण किया जाएगा, जिसकी हापुड़ में शुरूआत हो गई है।

### पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा डाटा

बता दें कि जिले के हिमांशु गौतम ने विकास भवन कार्यालय से सचल पशुचिकित्सा वाहन को हरी झंडी दिखाकर खुरपका-मुंहपका (ऋद्बऊ) टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा. ओपी मिश्रा ने बताया कि यह अभियान 4 दिसम्बर तक चलेगा, अभियान के तहत पशु को खुरपका-मुंहपका रोग से बचाव हेतु टीका लगाया जाएगा। जिससे पशु बीमारी से सुरक्षा प्राप्त करेगा व उत्पादन योग्य बना रहेगा। टीकाकरण अभियान के तहत टीकाकृत पशु का विवरण भारत सरकार के पोर्टल भारत पशुधन एप पर अपलोड किया जाएगा।



### सीडीओ ने की अपील

सीडीओ हिमांशु गौतम ने सभी कर्मियों को मनोयोग से अभियान को सफल बनाने तथा टीकाकरण कार्य को शत- प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने जिले के पशुपालकों से अपील की है कि वह अपने पशुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए टीकाकरण अवश्य कराएं। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने बताया कि जिले में टीकाकरण के लिए 17 टीमें लगाई गई हैं। जिनमें पशु चिकित्साधिकारी, पशुधन प्रसार अधिकारी, चतुर्थ श्रेणी कर्मी व प्रशिक्षित टीकाकरण कार्यकर्ता सम्मिलित किए गए हैं।

# टक्कर से युवक की मौत

## विवाद के बाद टक्कर मारते हुए भागा आरोपी



**हापुड़।** हापुड़ में थाना हाफिजपुर क्षेत्र में बुलंदशहर रोड पर गोल चक्कर के पास रोडरेज के दौरान एक पेट्रोल पंप संचालक को कार सवार युवक ने टक्कर मार दी और फिर फरार हो गया। इस घटना में घायल व्यक्ति को अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत की खबर से उसके परिवार में शोक की लहर दौड़ गई। पूरा मामला सीसीटीवी में कैद हो गया है, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

जानकारी के अनुसार, मोहल्ला तगासराय के रहने वाले प्रभात उर्फ बब्बू कार में सवार होकर बुलंदशहर रोड पर जा रहे थे। जब वह गोल चक्कर के पास पहुंचे, उनकी कार एक दूसरी कार से टकरा गई।

### अभी तक मामले में कोई तहरीर नहीं मिली

इसके बाद, प्रभात ने अपनी कार से उतरकर विरोध किया। तभी दूसरा कार सवार उन्हें टक्कर मारकर भाग निकला। पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल भेजा। जहां उसकी हालत गंभीर होने पर उसे नोएडा रेफर किया गया। वहीं, इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। थाना प्रभारी आशीष कुमार ने बताया कि अभी तक मामले में कोई तहरीर नहीं मिली है।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने व्लादिमीर पुतिन से कहा
# यूक्रेन विवाद को सुलझाने के लिए भारत हरसंभव सहयोग देने को तैयार



**कजान।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कजान में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ द्विपक्षीय बैठक की और उनसे कहा कि वे यूक्रेन संघर्ष के शीघ्र, शांतिपूर्ण समाधान का समर्थन करते हैं और उन्होंने कहा, भारत हमेशा शांति लाने में मदद करने के लिए तैयार है। मंगलवार को द्विपक्षीय बैठक के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति पुतिन से कहा, मैं रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे संघर्ष के विषय पर लगातार आपके संपर्क में रहा हूं। जैसा कि मैंने पहले कहा है, हमारा मानना है कि समस्याओं का समाधान शांतिपूर्ण तरीके से किया जाना चाहिए। हम शांति और स्थिरता की शीघ्र स्थापना का पूरा समर्थन करते हैं। हमारे सभी प्रयासों में मानवता को प्राथमिकता दी गई है। भारत आने वाले समय में हर संभव सहयोग प्रदान करने के लिए तैयार है।

प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि पिछले तीन महीनों में रूस की उनकी लगातार यात्राओं ने दोनों देशों के बीच संबंधों को और मजबूत किया है। उन्होंने बैठक के दौरान कहा, मैं आपकी मित्रता, गर्मजोशी भरे स्वागत और आतिथ्य के लिए दिल से आभार व्यक्त करता हूं। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के लिए कजान जैसे खूबसूरत शहर में आने का अवसर मिलना मेरे लिए बहुत खुशी की बात है। कजान में भारत के नए वाणिज्य दूतावास के खुलने से ये संबंध और मजबूत होंगे।

जुलाई में उन्होंने मास्को में 22वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लिया था। इस यात्रा के दौरान उन्होंने न केवल पुतिन के साथ द्विपक्षीय वार्ता की, बल्कि उन्हें रूस के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार, ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू द एपोस्टल से भी सम्मानित किया गया। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की पूर्व संध्या पर एक और महत्वपूर्ण घटनाक्रम यह हुआ कि भारत और चीन ने सीमा रेखा पर गश्त फिर से शुरू करने पर सहमति जताई। पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (छअउ) पर सैन्य वापसी की ओर अग्रसर होने के कारण दोनों पड़ोसी देशों के बीच कूटनीतिक संबंधों में एक बड़ी सफलता मिली है। सोमवार को समझौते की घोषणा करते हुए विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति शी की संभावित मुलाकात पर भी बात की। उन्होंने कहा, हम अभी भी समय और मुलाकातों के बारे में काम कर रहे हैं। न्यायसंगत वैश्विक विकास और सुरक्षा के लिए बहुपक्षवाद को मजबूत करना विषय पर आधारित दो दिवसीय शिखर सम्मेलन नेताओं को प्रमुख वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करेगा। यह नौ देशों के गठबंधन द्वारा शुरू की गई पहलों की प्रगति का आकलन करने और भविष्य में सहयोग के लिए संभावित क्षेत्रों की पहचान करने का एक मूल्यवान अवसर भी प्रदान करेगा।

### बातचीत और कूटनीति के माध्यम से संघर्ष का समाधान खोजने की आवश्यकता

उन्होंने कहा, भारत का हमेशा से यह मानना रहा है कि संबंधित पक्षों को बातचीत और कूटनीति के माध्यम से संघर्ष का समाधान खोजने की आवश्यकता है। पिछले महीने पुतिन ने प्रधानमंत्री मोदी को अपना मित्र माना और रूस-यूक्रेन युद्ध के शांतिपूर्ण समाधान की तलाश में भारत के समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया। यह तब हुआ जब रूसी राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री को ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने का निमंत्रण दिया। पुतिन की यह स्वीकृति प्रधानमंत्री मोदी द्वारा उन्हें फोन करने और दो साल से चल रहे युद्ध के शीघ्र समाधान का आग्रह करने के दो महीने बाद आई है। प्रधानमंत्री मोदी ने अगस्त में कीव में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की से भी मुलाकात की। यह इस साल प्रधानमंत्री की रूस की दूसरी यात्रा है।

### यूक्रेन विवाद को सुलझाने के लिए भारत हरसंभव सहयोग देने को तैयार

प्रधानमंत्री ने पुतिन से कहा यूक्रेन विवाद को सुलझाने के लिए भारत हरसंभव सहयोग देने को तैयार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कजान में 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के इतर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की। द्विपक्षीय बैठक में प्रधानमंत्री ने यूक्रेन विवाद के शांतिपूर्ण समाधान के लिए हरसंभव सहयोग देने की भारत की इच्छा जताई। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे विवाद के विषय पर मैं लगातार आपके संपर्क में रहा हूं। जैसा कि मैंने पहले कहा है, हमारा मानना है कि समस्याओं का शांतिपूर्ण तरीके से समाधान किया जाना चाहिए।

# चीन ने रूस में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान मोदी-शी चिनफिंग की मुलाकात के बारे में पूछे गए सवालों को टाला

**बीजिंग।** चीन के विदेश मंत्रालय ने रूस में इस सप्ताह ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से इतर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रपति शी चिनफिंग के बीच संभावित मुलाकात के बारे में सोमवार को पूछे गए सवालों को टाल दिया। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने यहां संवाददाता सम्मेलन में एक सवाल का जवाब देते हुए कहा, अगर कोई बात सामने आती है तो हम आपको सूचित करेंगे। रूस के कजान में मंगलवार को शुरू हो रहे ब्रिक्स सम्मेलन में मोदी और शी भाग ले रहे हैं।

प्रधानमंत्री मोदी की कजान यात्रा से पहले विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने सोमवार को नयी दिल्ली में कहा कि भारत और चीन के वातार्कार पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर गश्त करने के बारे में एक समझौते पर पहुंच गए हैं। मिस्री द्वारा घोषित समझौते पर बीजिंग से फिलहाल कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है। जून 2020 में गलवान घाटी में हुई भीषण झड़प के बाद भारत और चीन के संबंधों में खटास आ गई थी। इस झड़प को पिछले कई दशक में दोनों देशों के बीच सबसे गंभीर सैन्य संघर्ष माना जा रहा है। चीन ने पिछले शुक्रवार को घोषणा की थी कि शी रूस में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे, जहां वह ग्लोबल साउथ के लिए एकजुटता हासिल करने के वास्ते एक नये युग की शुरूआत को लेकर अन्य पक्षों के साथ मिलकर काम करेंगे।



**मिस्री द्वारा घोषित समझौते पर बीजिंग से फिलहाल कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है। जून 2020 में गलवान घाटी में हुई भीषण झड़प के बाद भारत और चीन के संबंधों में खटास आ गई थी।**

आमतौर पर आर्थिक रूप से कम विकसित देशों या विकासशील देशों को ग्लोबल साउथ कहा जाता है। ब्रिक्स में मूल रूप से ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका शामिल थे। मिस्र, इथियोपिया, ईरान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात को नये सदस्यों के रूप में शामिल किया गया है। इस वर्ष के शिखर सम्मेलन का विषय न्यायपूर्ण वैश्विक विकास एवं सुरक्षा के लिए बहुपक्षवाद को मजबूत करना है।

मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कहा कि शी छोटे-समूह और बड़े-समूह की बैठकों, ब्रिक्स प्लस संवाद में भाग लेंगे और अपने महत्वपूर्ण विचार भी रखेंगे। उन्होंने कहा कि शी अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य, ब्रिक्स व्यावहारिक सहयोग, ब्रिक्स तंत्र के विकास और आपसी हितों के महत्वपूर्ण मुद्दों पर अन्य नेताओं के साथ गहन विचारों का आदान-प्रदान भी करेंगे। उन्होंने कहा, चीन अन्य पक्षों के साथ मिलकर ब्रिक्स देशों के बीच सहयोग के सतत विकास के लिए प्रयास करने को तैयार है, ताकि ग्लोबल साउथ के लिए एकजुटता के माध्यम से ताकत हासिल करने और संयुक्त रूप से विश्व शांति और विकास को बढ़ावा देने के लिए एक नये युग की शुरूआत की जा सके।

# रामफोसा ने ब्रिक्स भागीदारों से अफ्रीकी महाद्वीप के औद्योगीकरण में मदद की अपील की




**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा ने ब्रिक्स के अन्य देशों से अपील की है कि वे अफ्रीकी महाद्वीप के देशों के औद्योगिकीकरण में सहायता करें। उन्होंने कहा कि अफ्रीकन कान्टिनेन्टल फ्री ट्रेड एरिया (एसीएफटीए) व्यापार, निवेश और औद्योगिक विकास के लिए बड़े पैमाने पर अवसर पैदा कर रहा है औरमहाद्वीप अपने 1.3 अरब लोगों की क्षमता को और बढ़ाने के लिए साझेदारों की तलाश कर रहा है। रामफोसा ने रूस के शहर कजान में आयोजित ब्रिक्स बिजनेस फोरम में कहा, एसीएफटीए की सफलता के लिए बुनियादी ढांचे में पर्याप्त निवेश की आवश्यकता है।

इसलिए हम ब्रिक्स देशों से अपील करते हैं कि वे हमारे साथ जुड़कर सड़कें, आयात-निर्यात के लिए बंदरगाह, रेल, ऊर्जा और दूरसंचार नेटवर्क बनाएं, जिससे अफ्रीका का औद्योगिकीकरण हो सके और वह दुनिया भर के अन्य देशों के साथ व्यापार कर सके। उन्होंने समूह से महिला स्वामित्व वाले और छोटे व्यवसायों को समर्थन देने की अपील करते हुए कहा, अफ्रीका में युवा, डिजिटल रूप से जुड़े लोगों की आबादी रहती है और यहां तेजी से शहरीकरण हो रहा है। अफ्रीका में कौशल विकास में निवेश बढ़ रहा है।

व्यापार और निवेश के विस्तार और विविधता लाने के उद्देश्य को पूरा करने के लिए ब्रिक्स बिजनेस फोरम की सराहना करते हुए रामफोसा ने कहा कि इस समूह में वैश्विक अर्थव्यवस्था और अंतरराष्ट्रीय संबंधों में महत्वपूर्ण बदलाव लाने की क्षमता है। ब्रिक्स के घटक राष्ट्र ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका हैं। उन्होंने कहा, दक्षिण अफ्रीका ब्रिक्स की आर्थिक क्षमता को साकार करने में अपनी भूमिका निभाने के लिए तैयार है।

# विस्फोट के संदिग्ध रिपुदमन सिंह की हत्या में दो लोग दोषी करार, परिवार बोला- न्याय अभी अधूरा





**नई दिल्ली।** साल 1985 के एयर इंडिया बम विस्फोट मामले में बरी किए गए संदिग्ध रिपुदमन सिंह मलिक की हत्या के मामले में दो आरोपियों को कनाडा की अदालत ने दोषी करार दिया है। टैनर फोक्स और जोस लोपेज को ब्रिटिश कोलंबिया की अदालत ने रिपुदमन सिंह मलिक की हत्या के मामले में दूसरी डिग्री की हत्या का दोषी करार दिया। रिपुमदन को 14 जुलाई 2022 को सरे में उनके व्यवसायिक प्रतिष्ठान के बाहर कई गोलियां मारी गईं थी। साल 1985 के एयर इंडिया विमान विस्फोट मामले में रिपुदमन सिंह और अजैब सिंह बागरी को साल 2005 में बरी कर दिया गया था। एयर इंडिया कनिष्क विस्फोट मामले में 329 लोग मारे गए थे।

अदालत ने माना कि दोनों दोषियों को मलिक की हत्या के लिए पैसे दिए गए थे। सुनवाई के दौरान दोषियों को वकील ने दोनों की युवावस्था को देखते हुए कम कड़ी सजा देने की अपील की। अब अदालत 31 अक्तूबर को मामले पर फिर सुनवाई करेगी, जिसमें दोनों दोषियों की सजा का एलान किया जाएगा। वहीं रिपुदमन सिंह के परिवार ने दोषियों को सजा मिलने पर खुशी जताई और कहा कि 'हम आभारी हैं कि शूटर्स को न्याय के कटघरे में लाया गया है, लेकिन परिवार के सदस्य को खोने का दर्द कोई नहीं मिटा सकता।'

# हिजबुल्लाह के गुप्त बंकर में मिला 500 मिलियन डॉलर का सोना, नकदी और हथियारों का जखीरा, स्कूल-असप्तालों के नीचे चल रहा था ये काला धंधा!





**इजरायल।** इजरायली सेना ने दावा किया है कि उसने बेरूत में एक अस्पताल के नीचे स्थित गुप्त हिज्बुल्लाह बंकर में करोड़ों डॉलर की भारी मात्रा में नकदी और सोना खोजा है। इजराइल ने कहा है कि वह चिकित्सा सुविधा को निशाना नहीं बनाएगा, इसके बजाय अन्य स्थानों पर हिज्बुल्लाह की वित्तीय संपत्तियों पर अपने हमले जारी रखेगा।

इजराइल ने दावा किया है कि हिजबुल्लाह ने बेरूत में एक अस्पताल के नीचे एक गुप्त बंकर में 500 मिलियन डॉलर का सोना और नकदी छिपा रखी है, जिसे पहले उसके मारे गए प्रमुख हसन नसरल्लाह चलाते थे। इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) के प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल हैगरी ने संरचना की एक ग्राफिक फोटो और एक वीडियो सिमुलेशन का खुलासा किया, लेकिन कहा कि यहूदी राष्ट्र की इसे निशाना बनाने की कोई योजना नहीं थी। उन्होंने कहा बंकर को जानबूझकर एक अस्पताल के नीचे रखा गया था, और इसमें आधे बिलियन डॉलर से अधिक की नकदी और सोना है। उस पैसे का इस्तेमाल लेबनान के पुनर्वास के लिए किया जा सकता था, लेकिन यह हिजबुल्लाह के पुनर्वास के लिए चला गया। आईडीएफ ने हिजबुल्लाह पर हमास के साथ मिलकर अस्पतालों, स्कूलों और अन्य संवेदनशील स्थलों का इस्तेमाल हथियार छिपाने और लड़ाकों को शरण देने के लिए करने का आरोप लगाया है। हगरी ने यह भी बताया कि ईरान हिजबुल्लाह के संचालन को कैसे वित्तपोषित करता है, जिसमें हिजबुल्लाह की वित्तीय शाखा अल-कर्द अल-हसन की भूमिका भी शामिल है, जो नागरिकों को सेवाएं प्रदान करती है और अपने गुर्गों को भुगतान करती है।

### ईरानी शासन हिजबुल्लाह की आय के दो मुख्य स्रोत

हगरी ने दावा किया कि लेबनानी लोग और ईरानी शासन हिजबुल्लाह की आय के दो मुख्य स्रोत हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि समूह द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले वित्तीय तंत्र, जिसमें सीरिया के माध्यम से नकद हस्तांतरण और ईरान के माध्यम से लेबनान में तस्करी किया गया सोना शामिल है। उन्होंने कहा कि लेबनान, सीरिया, यमन और तुर्की में हिजबुल्लाह द्वारा संचालित कारखानों का कथित तौर पर समूह की आतंकी गतिविधियों का समर्थन करने के लिए पर्याप्त आय उत्पन्न करने के लिए उपयोग किया जाता है। उन्होंने कहा कि बंकर दो अन्य इमारतों से जुड़ा हुआ है, जिनका उपयोग प्रवेश और निकास के रूप में किया जाता है। आईडीएफ के अनुसार, बंकर में लंबे समय तक रहने के लिए बिस्तर और कमरे हैं, जो संचालन के लिए कमांड सेंटर के रूप में काम करते हैं।

### गुप्त बंकर में 500 मिलियन डॉलर का सोना और नकदी छिपा रखी थी

हैगरी ने लेबनान के अधिकारियों से हिजबुल्लाह के खिलाफ कार्रवाई करने और सुविधा का निरीक्षण करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, मैं लेबनान सरकार, लेबनानी अधिकारियों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों से अपील करता हूं। हिजबुल्लाह को आतंक के लिए और इजरायल पर हमला करने के लिए पैसे का इस्तेमाल न करने दें।

# मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू ने यूपीआई भुगतान सेवा शुरू करने के लिए उठाए आवश्यक कदम

**मालदीव।** मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने द्वीपसमूह देश में भारत के एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) को पेश करने के लिए आवश्यक कदम उठाए हैं, जिससे मालदीव की अर्थव्यवस्था को काफी लाभ मिलने की उम्मीद है।

भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) द्वारा विकसित यूपीआई मोबाइल फोन के जरिये अंतर-बैंक लेनदेन को सुविधाजनक बनाने के लिए एक त्वरित वास्तविक समय भुगतान प्रणाली है।

राष्ट्रपति कार्यालय की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, मुइज्जू ने देश में यूपीआई शुरू करने के लिए रविवार को एक संघ का गठन किया। ट्रेडनेट मालदीव कॉर्पोरेशन लिमिटेड को इसकी अग्रणी एजेंसी नियुक्त किया है। राष्ट्रपति ने संघ में देश के बैंक, दूरसंचार कंपनियों, सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों और वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनियों की भागीदारी का भी सुझाव दिया। प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि उन्होंने मंत्रिमंडल की सिफारिश पर आवश्यक कदम उठाने का निर्णय लिया।

इसमें कहा गया, इस कदम से मालदीव की अर्थव्यवस्था को महत्वपूर्ण लाभ मिलने की उम्मीद है, जिसमें वित्तीय समावेश में वृद्धि, वित्तीय लेनदेन में बेहतर दक्षता और डिजिटल बुनियादी ढांचे में वृद्धि शामिल है। मालदीव में यूपीआई शुरू करने के समझौते पर अगस्त में विदेश मंत्री एस. जयशंकर की तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा के दौरान हस्ताक्षर किए गए थे।





# लाहौर दुनिया की सबसे ज्यादा प्रदूषित शहर वायु गुणवत्ता 400 के करीब

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान का लाहौर शहर दुनिया का सबसे ज्यादा प्रदूषित शहर है, जानकारी के अनुसार शहर की वायु गुणवत्ता सूचकांक 400 के करीब (अभी 394) है। हालांकि पाकिस्तान की पंजाब सरकार ने स्मॉग के प्रभाव को कम करने के लिए कृत्रिम बारिश की योजना बनाई है। इस मामले में पंजाब के सूचना मंत्री आजमा बोखारी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, कल लाहौर को दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर घोषित किया गया था। हमने इस मामले को सुलझाने के लिए कई पहल की हैं और अब हम शहर में कृत्रिम बारिश की योजना बना रहे हैं।

### पंजाब सरकार ने 'एंटी-स्मॉग स्क्वॉड' भी किया लॉन्च

वहीं मरियम नवाज की पंजाब सरकार ने 'एंटी-स्मॉग स्क्वॉड' भी लॉन्च किया है, जो स्मॉग प्रभावित इलाकों का दौरा करेगा। ये दस्ते किसानों को फसल अवशेषों को जलाने के खतरों के बारे में शिक्षित करेंगे, सुपर सीडर के उपयोग को बढ़ावा देंगे और अवशेषों के निपटान के लिए वैकल्पिक तरीके सुझाएंगे।

पंजाब की वरिष्ठ मंत्री मरियम औरंगजेब, जो पर्यावरण मंत्रालय संभालती हैं, ने कहा, स्मॉग से निपटने के लिए उठाए गए कदमों के सकारात्मक प्रभाव 8 से 10 वर्षों में दिखाई देंगे। पर्यावरण संरक्षण को प्रांत के पाठ्यक्रम में एक विषय के रूप में शामिल किया गया है, और कहा कि सरकार ने स्मॉग के खिलाफ युद्ध की घोषणा की है। उन्होंने किसानों से फसल अवशेषों को जलाने से बचने का आग्रह किया, उन्होंने जोर देकर कहा कि ऐसा करने से न केवल फसलों को बल्कि उनके बच्चों के स्वास्थ्य को भी नुकसान पहुंचता है।



### मरियम नवाज ने भारत के साथ जलवायु कूटनीति का किया आह्वान

बता दें कि इस महीने की शुरूआत में पंजाब की मुख्यमंत्री मरियम नवाज ने प्रांत में धुंध के प्रभाव को कम करने के लिए भारत के साथ जलवायु कूटनीति का आह्वान किया था। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों को धुंध से निपटने के लिए संयुक्त प्रयास करने चाहिए, उन्होंने कहा कि भारत के पंजाब में पराली जलाने से हवा की दिशा के कारण सीमा पार प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा, इस मुद्दे को भारत के साथ तुरंत उठाया जाना चाहिए। सीएम ने कहा, पर्यावरण सुधार में आने वाली बाधाओं को दूर किया जाना चाहिए। धुंध के कारण सांस लेने में कठिनाई होती है और आंखों की रोशनी खराब होती है।

### क्या वायु गुणवत्ता सूचकांक?

वायु गुणवत्ता सूचकांक हवा में कई प्रदूषकों की सांद्रता का एक माप है। 100 से ऊपर का वायु गुणवत्ता सूचकांक अस्वस्थ माना जाता है और 150 से ऊपर का वायु गुणवत्ता सूचकांक 'बहुत अस्वस्थ' माना जाता है।

### फसल अवशेषों समेत ऐसे बढ़ता है स्मॉग?

बता दें कि फसल अवशेषों को जलाने और औद्योगिक उत्सर्जन से स्मॉग संकट को बढ़ावा मिला है। खतरनाक स्मॉग के कारण शहर के निवासियों में खांसी, सांस लेने में कठिनाई, आंखों में जलन और त्वचा संक्रमण समेत व्यापक स्वास्थ्य समस्याएं पैदा हुई हैं। स्मॉग - धुएं और कोहरे के संयोजन के लिए उपनाम - एक विशिष्ट घटना है जो तब होती है जब कुछ प्रदूषणकारी सूक्ष्म कण ठंडी, नम हवा के साथ मिल जाते हैं और जमीन के करीब लटक जाते हैं, जिससे दृश्यता कम हो जाती है और स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं पैदा होती है।

# भारतीय-अमेरिकी रिपब्लिकन नेताओं ने की कमला हैरिस की निंदा

**वाशिंगटन।** रिपब्लिकन पार्टी से जुड़े तीन भारतीय-अमेरिकी नेताओं बॉबी जिंदल, निक्की हेली और विवेक रामास्वामी ने डेमोक्रेटिक पार्टी की राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार एवं उपराष्ट्रपति कमला हैरिस की कथित रूप से गलत आव्रजन, आर्थिक और विदेश नीतियों की आलोचना की है। लुइसियाना के पूर्व गवर्नर बॉबी जिंदल ने एक वीडियो में दावा किया कि हैरिस की चिकित्सा संबंधी मेडिकेयर योजना से 1.2 करोड़ अवैध प्रवासियों को गोल्ड प्लेटेड स्वास्थ्य बीमा का लाभ मिलेगा। जिंदल का यह वीडियो विज्ञापन के तौर पर सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। राजनीतिक मामलों की एक कार्य समिति अमेरिका फर्स्ट पॉलिसी इंस्टीट्यूट द्वारा जारी वीडियो में जिंदल ने कहा, इससे अमेरिका में अवैध प्रवासियों की बाढ़ आ जाएगी।



उन्होंने कहा, कृपया अपने परिवार और मित्रों को इस झूठ के झांसे में नहीं आने दें। जिंदल (53) 2008 से 2016 तक लुइसियाना के गवर्नर थे। 2016 में उन्होंने रिपब्लिकन पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनने का असफल प्रयास किया था। शुरू में चुनाव प्रचार और डोनाल्ड ट्रंप के अभियान से दूर रहने के बाद जिंदल अब पूर्व राष्ट्रपति को उनकी नीतियों पर समर्थन देने के लिए फिर से सक्रिय हो गए हैं। जिंदल के अलावा, साउथ कैरोलाइना की पूर्व गवर्नर निक्की हेली और व्यवसायी से नेता बने विवेक रामास्वामी राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनने की दौड़ में शामिल रह चुके हैं। जिंदल 2016 में और अन्य दो 2024 के चुनाव में राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनने की दौड़ में शामिल रहे। अब इन तीनों ने राष्ट्रपति पद के लिए ट्रंप का समर्थन किया है। रामास्वामी ट्रंप के सबसे करीबी विश्वासपात्र बनकर उभरे हैं और उनके पक्ष में चुनाव प्रचार कर रहे हैं। सोमवार को फॉक्स न्यूज के साथ एक साक्षात्कार में हेली ने कहा, जब मैं दोनों उम्मीदवारों के बीच मुद्दों और मतभेदों को देखती हूं, तो इसमें कोई संदेह नहीं है कि मैं डोनाल्ड ट्रंप को यह चुनाव जीतते देखना चाहती हूं। उन्होंने कहा, हम कमला हैरिस और टिम वाल्ज को क्रमशः राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के रूप में नहीं देख सकते। आपको यह देखना है कि कमला हैरिस ने क्या कहा है। वह नहीं सोचतीं कि अवैध अप्रवासी अवैध हैं। वह सोचती हैं कि हमें इन अवैध अप्रवासियों को मुफ्त शिक्षा, रहने के लिए मुफ्त जगह, मुफ्त स्वास्थ्य सेवा देनी चाहिए।

हेली ने दावा किया कि हैरिस और उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार वाल्ज के पास विदेश नीति का अनुभव नहीं है। इन तीन भारतीय-अमेरिकी नेताओं में रामास्वामी हैरिस के सबसे कटु आलोचक बनकर उभरे हैं। वह ट्रंप के पक्ष में समूचे देश में चुनाव प्रचार कर रहे हैं। पिछले सप्ताह उन्होंने पेन्सिलवेनिया में अपनी चुनाव प्रचार अभियान रैली में सैकड़ों लोगों को संबोधित किया। फॉक्स न्यूज के साथ एक हालिया साक्षात्कार में उन्होंने कहा, कमला हैरिस के बारे में ज्यादा सोचने की जरूरत नहीं है। वह एक कट्टरपंथी उदारवादी हैं जो नतीजे नहीं दे सकतीं और प्रचार अभियान के दौरान झूठ बोलने के अलावा कुछ नहीं करतीं। एक अन्य भारतीय-अमेरिकी नेता काश पटेल उन लोगों में शामिल हैं जिन्हें ट्रंप का करीबी माना जाता है।

# दीपावली के मौके पर शहर को 'ट्रिपल आर' के लिए जागरूक कर रहा निगम

## अनुपयोगी वस्तुओं को ना बनाएं कचरा, 311 के माध्यम से घर पहुंचेगी ट्रिपल आर वैन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में गाजियाबाद नगर निगम लगातार शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में जुटा हुआ है। इसी क्रम में इको दीपावली मानने हेतु जन-जन को जागरूक कर रहा है। घर से निकलने वाली अनुपयोगी वस्तुओं को कचरे में ना डालें बल्कि गाजियाबाद नगर निगम के 311 पर कॉल करके ट्रिपल आर वन को सूचित करें तथा अनुपयोगी वस्तुओं को जरूरतमंदों तक पहुंचाने के लिए सहयोग करें। संबंधित टीम द्वारा शहरवासियों से अपील की जा रही है। जनप्रतिनिधियों का विशेष सहयोग रिड्यूस, रीयूज, रीसाइकिल योजना को सफल बनाने में मिल रहा है। 5 जोन में जोनल कार्यालय पर ट्रिपल आर सेंटर की कार्यवाही भी चल रही है। कई सामाजिक संस्थाएं भी निगम का सहयोग करने के लिए आगे आई हैं जिसमें अनुपयोगी वस्तुएं जरूरतमंदों तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। दीपावली के मौके पर हर घर को स्वच्छ बनाने के साथ-साथ शहर को भी स्वच्छ बनाने में गाजियाबाद नगर निगम अभियान के रूप में कार्य कर रहा है।

### गाजियाबाद नगर निगम ने की अपील शहरवासी मनाएं इको दीपावली

**करंट क्राइम।** महापौर सुनीता दयाल तथा नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में एसबीएम टीम द्वारा शहरवासियों को भी इको दीपावली मनाने के लिए अपील की जा रही है जिसमें घर को स्वच्छ बनाने के साथ-साथ शहर की स्वच्छता के लिए भी कार्य करने के लिए जागरूक किया जा रहा है जिसमें ट्रिपल आर को अपनाने के लिए उत्साहित किया जा रहा है।

# सरदार एसपी सिंह से भाजपा की सक्रिय सदस्यता फार्म भरवाया



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा कविनगर मंडल के उपाध्यक्ष कुंवर पाल व मंत्री केएस परिहार ने मंगलवार को पार्टी के पूर्व महानगर संयोजक व अल्पसंख्यक आयोग उप्र के पूर्व सदस्य सरदार एसपी सिंह के कविनगर आवास पर पहुंच कर उनको भाजपा का सक्रिय सदस्य बनाने का फार्म भरवाया, जिसको महानगर कार्यालय में जमा करा दिया जाएगा। मंडल उपाध्यक्ष कुंवर पाल ने बताया कि हर मंडल में पार्टी की सक्रिय सदस्यता आरंभ हो चुकी है और वरिष्ठों को सम्मान देने के उद्देश्य से उनके आवास पर ही फार्म भरवाए जा रहें हैं, अन्य सभी कार्यकर्ता सौ सदस्य बनाने के बाद सक्रिय सदस्यता के लिए आवेदन कर सकते हैं।

# भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

## स्टेडियम के नाम की पुन: बहाली का उठाया मुद्दा



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** वाराणसी स्थित एक प्रतिष्ठित स्टेडियम के नाम की पुनः बहाली के संबंध में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। विगत दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा वाराणसी के एक पुराने प्रतिष्ठित स्टेडियम के आधुनिक निर्माण का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन के साथ ही स्टेडियम से जुड़ा बाबू संपूर्णानंद का नाम हटा दिया गया, जो काफी आपत्तिजनक एवं शर्मनाक ही बल्कि वाराणसी एवं उसकी गौरवशाली विरासत का अपमान भी है। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस इस अनैतिक कृत्य का पुरजोर विरोध करती है क्योंकि सरकार के इस कार्य से वाराणसी के लाखों लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं। अतः आपसे निवेदन है कि आप इस मामले में हस्तक्षेप करते हुए स्टेडियम का नाम पुनः 'डॉ. संपूर्णानंद स्टेडियम' कराने की कृपा करें।

# चावल, गेहूं, चीनी खाना छोड़ें और निरोग रहेंगे : डॉ. खादर



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** देश के जाने-माने आहार विशेषज्ञ पद्मश्री डॉ. खादर वली ने कहा कि अगर स्वस्थ जीवन जीना चाहते हैं तो चावल, गेहूं और चीनी खाना छोड़ना पड़ेगा। हमारे शरीर की आधी बीमारियां ग्लूकोज असंतुलन के कारण होती हैं और ये तीनों ग्लूकोज असंतुलन को बढ़ाते हैं। डॉ. खादर ने कहा कि बाजार ने हमारा किचन बिगाड़ दिया है और स्वाद ने शरीर। फास्ट फूड हमें बीमार कर रहे हैं। विडम्बना देखिये कि हम जहरीला पदार्थ खाकर तंदुरुस्त होने की उम्मीद पाले बैठे हैं। ध्यान रखिये कि आप का आहार ही आपकी औषधि है।

उन्होंने कहा कि सौ साल पहले हमारे पूर्वज मोटा और छोटा अनाज रागी, बाजरा, चना, मक्का, ज्वार, कोदो, कुटकी, कंगनी, सावां और हरा सावां खाकर सौ वर्ष का जीवन जीते थे। लेकिन हमने चावल, गेहूं, चीनी, मैदा, फास्ट फूड खा-खाकर अपने शरीर को बीमारियों का घर बना दिया है। पहले डॉक्टर कम होते थे तो बीमारियां कम होती थीं, आजकल डॉक्टर ज्यादा हो गए हैं तो बीमारियां भी बढ़ गई हैं।

## बैठक



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। पश्चिमी यूपी के क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया के कुशल मार्गदर्शन में मंगलवार को मेरठ कार्यालय पर प्राथमिक सदस्यता 2024 और सक्रिय सदस्यता सत्यापन के लिए पश्चिम क्षेत्र की मॉनिटरिंग टोली के संग बैठक संपन्न हुई। बैठक में क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मान सिंह गोस्वामी भी मौजूद रहे।

# अवैध निर्माण पर रोकथाम के लिए की गई कार्रवाई





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अवैध निर्माण पर रोकथाम के लिए कार्यवाही के सख्त निर्देश दिये गये हैं। इसी क्रम में प्रभारी, प्रवर्तन जोन-8 के द्वारा मंगलवार को उ.प्र. नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम 1973 की धारा-14 व 15 के प्रावधानों के अन्तर्गत करहेड़ा, असालतपुर (हिंडन डूब क्षेत्र) ग्राम सिकरानी, चिरौड़ी रोड, शगुन मैरिज हॉल के पास प्रेम नगर कालोनी एवं रामेश्वर पार्क के पास गढ़ी कटैया लोनी गाजियाबाद पर पूर्व निर्मित 5 अवैध कालोनियों के साइट ऑफिस, सड़क, खड़ंजा, बाउंड्रीवाल का ध्वस्तीकरण स्थानीय पुलिस एवं प्राधिकरण पुलिस बल की सहायता से किया गया। उक्त ध्वस्तीकरण के समय सहायक अभियंता, अवर अभियंता, समस्त सुपरवाइजर स्टाफ के साथ उपस्थित रहे। जोन के संबंधित सहायक अभियंता, अवर अभियंता तथा सुपरवाईजर स्टाफ को निर्देशित किया गया कि सतत निगरानी रखते हुए यह सुनिश्चित किया जाये कि उक्त अवैध निर्माण पुनः न होने पाये। प्राधिकरण द्वारा लगातार अवैध निर्माण/विकास कार्य के विरुद्ध विधिसम्मत कार्यवाहियां जारी रहेंगी। तद्क्रम में निर्माणकर्ताओं/विकासकर्ताओं को निर्देशित किया जाता है कि गाजियाबाद विकास प्राधिकरण क्षेत्रान्तर्गत भूमि पर विधिवत मानचित्र स्वीकृत के अनुसार ही निर्माण किया जाये। इसके साथ ही आम जनमानस को भी सूचित किया जाता है कि किसी भी वादग्रस्त/विवादित निर्माण में सम्पत्ति का क्रय-विक्रय न करें।

# पुलिस ने दो अपहरणकर्ताओं को किया अरेस्ट

## सोशल साइट पर दोस्ती कर किशोरी का किया अपहरण, मांगे थे 5 लाख रुपये



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद पुलिस ने एक नाबालिग सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ये दोनों शातिर सोशल साइट्स पर लड़कियों से दोस्ती कर उनसे घर में रखे रुपये और ज्वैलरी आदि की चोरी करवाते थे। इतना ही नहीं इन आरोपियों ने एक नाबालिग किशोरी का अपहरण कर परिवार से 5 लाख की फिरौती मांगी थी। पुलिस ने नाबालिग लड़की की पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लड़की को सकुशल बरामद किया है। अपहरण की गई छात्रा 11वीं क्लास में पढ़ती है। बेटी को जान से मारने की धमकी दी। गाजियाबाद में डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटिल ने बताया कि शालीमार गार्डन इलाके में रहने वाले एक व्यक्ति ने पुलिस को सूचना दी कि उसकी नाबालिग बेटी का अपहरण कर लिया गया है और अपहरणकताओं ने पांच लाख रुपये की मांग की है। पैसे ना देने पर अपहरणकर्ता बेटी को जान से मारने की धमकी भी दे रहे हैं। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर तफ़्तीश शुरू की और कुनाल शर्मा नामक युवक सहित एक नाबालिग को गिरफ्तार किया। पुलिस गिरफ्त में आने के बाद दोनों शातिरों ने बताया कि ये दोनों साजिश के तहत सोशल साइट्स पर लड़कियों से दोस्ती करते हैं।

### दोस्ती कर पहले ठगे पैसे, फिर किया अपहरण

उसके बाद उन्हें दोस्ती/प्रेम जाल में फंसाने के बाद उनसे पैसे ऐंठ लेते हैं। इतना ही नहीं उनसे घर में रखी कीमती ज्वैलरी भी चोरी करवा लेते थे। पीड़िता को भी इन्होंने अपने जाल में फंसाया और दोस्ती कर उससे लाखो रुपये ऐंठने के साथ साथ ज्वैलरी ठग ली। इसके बाद और पैसा की चाहत में इन्होंने नाबालिग लड़की का अपहरण कर उसके पिता को व्हाट्सएप कॉल किया। पांच लाख रुपये की फिरौती भी मांगी थी। मगर पुलिस ने इन्हें गिरफ्तार कर लिया। साथ ही अपहृत नाबालिग लड़की को भी सकुशल बरामद किया।

## गाजियाबाद की हवा हुई जहरीली: ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान का दूसरा चरण लागू

गाजियाबाद करंट क्राइम। दिल्ली-एनसीआर सहित गाजियाबाद में वायु गुणवत्ता बेहद खराब स्थिति में पहुंच गई है। आज सुबह गाजियाबाद का एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 264 दर्ज किया गया, जो खराब श्रेणी में आता है। वायु प्रदूषण के बढ़ते स्तर को देखते हुए ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप) का दूसरा चरण लागू किया गया है, जिसमें डीजल जनरेटर के इस्तेमाल पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया गया है। जिला प्रशासन ने वायु प्रदूषण से निपटने के लिए गाजियाबाद के 6 हॉटस्पॉट चिन्हित किए हैं, जिनमें साहिबाबाद, राजनगर एक्सटेंशन, लोनी, भोपुरा, दिल्ली बॉर्डर, वसुंधरा, और सिद्धार्थ विहार शामिल हैं। जिला अधिकारी इंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि 500 वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्र में हो रहे निर्माण कार्यों के लिए सेल्फ-ऑडिट अनिवार्य कर दिया गया है।

## सक्रिय सदस्यता



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। राज नगर मंडल अध्यक्ष ओम दत्त कौशिक एडवोकेट को मंगलवार को महानगर कार्यालय पर महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने भारतीय जनता पार्टी की सक्रिय सदस्यता का फार्म भरवाया।

# रवि गौतम ने जॉइन की एआईएमआईएम, पार्टी बना सकती है विधानसभा उपचुनाव में प्रत्याशी



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद में बसपा से टिकट कटने के बाद रवि गौतम ने असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन जॉइन कर ली है। सोमवार रात आयोजित एक समारोह में प्रदेश अध्यक्ष मेहताब चौहान ने उन्हें पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई। माना जा रहा है कि रवि गौतम को अगले 24 घंटे में प्रत्याशी घोषित किया जा सकता है। रवि गौतम युवा शक्ति दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी हैं। करीब डेढ़ महीना पहले बसपा ने उन्हें प्रत्याशी घोषित किया था। जिसके बाद से वो विधानसभा चुनाव प्रचार की तैयारियों में जुट गए थे। अभी करीब 20 दिन पहले रवि गौतम का टिकट काट दिया गया। इसके पीछे तर्क ये दिया गया कि रवि गौतम पर मुकदमे दर्ज हैं। हालांकि रवि गौतम ने आरोप लगाया कि उनसे रुपयों की डिमांड की जा रही थी। जबकि वे अब तक 50 लाख रुपए संगठन के लिए खर्च कर चुके थे। और रुपए नहीं देने पर उनका टिकट काटा गया। अब रवि गौतम ने सोमवार रात एआईएमआईएम जॉइन कर ली है। प्रबल संभावना है कि पार्टी उन्हें ही विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी के तौर पर उतारेगी। नामांकन से ठीक दो पहले उनकी अक्टक्ट में जॉइनिंग को इसी रूप में देखा जा रहा है। गाजियाबाद में अभी तक आजाद समाज पार्टी ने सत्यपाल चौधरी को प्रत्याशी घोषित किया है। इसके अलावा किसी अन्य पार्टी ने अपने प्रत्याशी घोषित नहीं किए हैं। बसपा से पीएन गर्ग का नाम लगभग फाइनल है।

# रवि कुमार पांचाल ने गाजियाबाद विधानसभा सीट के लिए पर्चा भरा



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी (सुभास पार्टी) के उम्मीदवार रवि कुमार पांचाल ने गाजियाबाद विधानसभा सीट के लिए पर्चा भरा। सुभास पार्टी के उम्मीदवार रवि कुमार पांचाल ने सैकड़ों समर्थकों के साथ पर्चा भरा। इस अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव, संस्थापक सतेन्द्र यादव, युसूफ खान, प्रवीण पांचाल, मनोज शर्मा, जितेंद्र शर्मा, जमाल प्रधान, इमरान, अब्दुल सलाम, सतीश पांचाल, महेश यादव, दीपक राठी, प्रदीप तिवारी, मंजू तिवारी समेत सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद थे।

# नेहरू वर्ल्ड स्कूल को मिला गाजियाबाद के सर्वश्रेष्ठ स्कूल का खिताब





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नेहरू वर्ल्ड स्कूल गाजियाबाद ने एक बार फिर शिक्षा के क्षेत्र में अपनी उत्कष्टता का प्रदर्शन किया है। प्रतिष्ठित एजूकेशन वर्ल्ड रैंकिंग में नेहरू वर्ल्ड स्कूल को अन्तर्राष्ट्रीय व सहशिक्षा दोनों श्रेणियों में गाजियाबाद में नम्बर 1 स्कूल घोषित किया गया है। अन्तर्राष्ट्रीय दिवस स्कूल श्रेणी में गाजियाबाद नंबर 1, दिल्ली एन०सी०आर० में नंबर 4 व देश में 10वें नंबर पर रहा। गाजियाबाद के दिवस स्कूल श्रेणी में शहर क नंबर 1 स्कूल के खिताब से नवाजा गया। इन रैंकिंग के पीछे स्कूल की उच्च गुणवत्ता शिक्षा, नवीन शिक्षा पद्धतियां व उत्कृष्ट बुनियादी ढांचे की प्रतिबद्धता है। गुरुगाम के लीला एंबिऐंस में आयोजित समारोह में उपरोक्त उपलब्धियां स्कूल द्वारा प्राप्त की गईं। स्कूल के निदेशक डा० अरुणाभ सिंह ने कहा कि हमें गाजियाबाद के सर्वश्रेष्ठ स्कूल के रूप में चुने जाने की प्रसन्नता है। हमारी समर्पित फैकल्टी, स्टाफ और छात्रों नें अकादमिक उत्कृष्टता हासिल करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहते हैं। स्कूल की एग्जीक्यूटिव हैड सुसन हाम्स के अनुसार स्कूल को नंबर 1 का दर्जा हमारे स्टाफ, छात्रों, अभिभावकों की संयुक्त प्रतिबद्धता का परिणाम है। शिक्षा वर्ल्ड रैंकिंग भारत की सबसे व्यापक और अधिकारिक स्कूल रैंकिंग है। स्कूल की यह उपलब्धि उत्कृष्टता की दिशा में निरंतर प्रयास की प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

# वर्चुअल दुनिया में मिले युवक ने प्रेमजाल में फंसाया, रियल में 69.42 लाख का लगाया चूना




### आठ महीने तक सपने दिखाकर लूटा

टीचर तुलसी निकेतन इलाके की रहने वाली हैं। वह एक म्यूजिकल एप पर सक्रिय थीं। एक युवक के साथ गाना गाने के बाद उससे दोस्ती हो गई। दोनों एक- दूसरे से तन- मन की बात करने लगे और एक दिन युवक ने टीचर को शादी का ऑफर दे डाला। टीचर में भी उसे चाहने लगी थी, सो हां करने में देर नहीं की। युवक ने हर छोटी- छोटी बात शेयर करनी शुरू कर दी, स्थिति यह हो गई कि टीचर खुद को उसी परिवार को हिस्सा मानने लगी। अब युवक ने अपनी चाल चलनी शुरू की और आए दिन नई परेशानी बताकर रुपये ठगने शुरू कर दिए। शातिर ने आठ माह में 69.42 लाख रुपये ट्रांसफर करा लिए।

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** वर्चुअल और रियल दुनिया में फर्क करना सीखें। यदि ऐसा नहीं करेंगे तो दिक्कत में फंसने से कोई नहीं बचा सकता। अब गाजियाबाद की एक टीचर को वर्चुअल दुनिया में मिले युवक से दिल लगाना भारी पड़ गया। एक म्जूजिकल एप पर अनजान युवक के साथ गाना गाने के बाद टीचर उसे दिल दे बैठी और शादी कर घर बसाने तक के सपने देख लिए। बिना इस युवक की रियल लाइफ की हकीकत को जाने और समझे। युवक भी चिकनी चुपड़ी बातें करके कभी इस बहाने, कभी उस बहाने टीचर से पैसे ऐंठता रहा। 69.42 लाख रुपये ठगे जाने के बाद टीचर असलियत समझ आई तो साइबर थाने में मुकदमा दर्ज कराया।

### मुंबई पुलिस द्वारा पकड़े जाने का बहाना बनाया

पीड़िता ने साइबर थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि म्यूजिकल एप के जरिए संपर्क में आए युवक से फरवरी, 2024 में उनकी दोस्ती हुई थी। साथ में एक पफोर्मेंस करने के बाद दोनों के बीच में बातचीत शुरू हुई थी। पीड़िता का आरोप है कि उसने मुझे अपनी बातों में फंसाकर शादी करने का झांसा दिया और फिर रकम ऐंठने के लिए बहाने बनाने शुरू कर दिए। सबसे पहले युवक ने कहा कि मुझे मुंबई पुलिस ने पकड़ लिया है। हालांकि मैंने कुछ गलत नहीं किया है लेकिन समझो मैं परेशानी में हूं। उसके बाद उसने बीमार पड़ने का बहाना बनाकर रकम ट्रांसफर करा ली। ऐसे ही वह बहाने बनाकर पैसा ऐंठता रहा।

## पुष्पांजलि



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गंगा जमुनी तहजीब के प्रेरणादायक, भारतीय स्वतन्त्रता आन्दोलन के महान स्वतंत्रता सेनानी शहीद अशफाक उल्ला खां की जयन्ती (यौम-ए-विलादत) मौ. जाकिर अली सैफी के नेतृत्व में क्षेत्र के लोगों के साथ क्षेत्रीय कार्यालय जस्सीपुरा पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर मनायी गयी। कार्यक्रम में सैय्यद समीर कादरी, पार्षद प्रतिनिधि रमीज राजा, वसीम कुरैशी, कपिल शर्मा, विनायक खन्ना, साजिद चौधरी, जावेद अब्बासी, मुन्ना कुरैशी, शाहरुख, साबिर सैफी, नौमान सैफी, महराज, नासिर चौधरी, मुस्तफा कुरैशी, इनायत अली, शाकिर, वाहिद, मोमिन, विजय चावला, अंकुश शर्मा, साजिद अहमद, शौकता अली, सकील सैफी, शाहनवाज खान, सब्बीर सैफी, हनीफ मलिक, इनायत अली, सब्बीर शौकीन, जाहिद चौधरी, साजिद, शदाब चौधरी, सुनील, शाहरूख, अकरम कुरैशी, मुस्तफा कुरैशी, सोनू, कल्लू खां आदि लोग मौजूद रहे।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** मां हमेशा से अपने बच्चे की लंबी आयु की कामना करती है। लेकिन एक पुत्र संदीप कुमार ने अपनी माता श्री के जन्मदिन पर उनकी लंबी आयु की कामना की। ईश्वर से अपनी माता के लिए असीम कृपा मांगी। उन्होंने अपनी मां के प्रति समर्पित इस भाव को फेसबुक पोस्ट पर साझा किया। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।